25 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 185

'आक्रमण' की तैयारी! राफेल के साथ शुरू किया अभ्यास



## पहलगाम हमले पर शुक्रवार को क्या-क्या हुआ

- वायुसेना ने युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इसे आक्रमण नाम दिया गया है।
- विदेश मंत्रालय में राजदूतों की बैठक हुई। इसमें जर्मनी, जापान समेत कई देशों के राजदूत शामिल रहे।
- रूसी मीडिया रसिया टुडे ने मौजूदा हालातों को देखते हुए दावा किया है कि भारत कुछ बड़ा करने वाला है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की और उन्हें पहलगाम हमले की जानकारी दी।
- भारत सरकार के अटारी बॉर्डर बंद करने के एलान के बाद वीजा लेकर भारत आये पाकिस्तानी नागरिक पंजाब के अटारी चेक पोस्ट से वापस लौट रहे हैं।
- केंद्र सरकार ने पाकिस्तान सरकार के सोशल मीडिया एक्स को भारत में बैन किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करके अपने नागरिकों को जम्मू-कश्मीर नहीं जाने की सलाह दी है।




# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है, कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी : नरेंद्र मोदी

## सेना अलर्ट, राष्ट्रपति से मिले गृह और विदेश मंत्री, सर्वदलीय बैठक में आतंकी कैंप नष्ट करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत एक्शन में है। पाकिस्तान के खिलाफ जहां कूटनीतिक स्ट्राइक की गयी है, वहीं अब कदम आगे बढ़ाने के संकेत मिल रहे हैं। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत द्वारा सख्त कदम उठाने का संदेश भी दे दिया है। बिहार के मधुबनी में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। वहीं, दिल्ली में हमले के बाद से हलचल बढ़ी हुई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री अमित शाह समेत अन्य नेताओं के कार्यक्रम रद्द कर दिये गये हैं। तीनों सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार दोपहर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद शाम को सर्वदलीय बैठक हुई।

**दो घंटा चली सर्वदलीय बैठक:** पहलगाम हमले को लेकर पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक दो घंटे चली। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता इसमें शामिल हुए। बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। विपक्ष ने आतंकी कैंप नष्ट करने की मांग रखी। बैठक में पहलगाम हमले में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

(पेज 03 भी देखें)



### राष्ट्रपति को मौजूदा स्थिति से कराया अवगत

गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर ने गुरुवार दोपहर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होने राष्ट्रपति को पहलगाम हमले, सीसीएसए की बैठक में पाक के खिलाफ उठाये गये कदम समेत अन्य बातों से अवगत कराया। माना जा रहा है कि भारत ठोस कदम उठाने की ओर बढ़ रहा है। दोनों नेताओं ने मौजूदा स्थिति से अवगत कराते हुए आगे की रणनीति पर भी राष्ट्रपति से बातचीत की।


### बॉर्डर पर अलर्ट, श्रीनगर जायेंगे सेना प्रमुख

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार एक्शन मोड में है। भारत-पाक बॉर्डर भी अलर्ट मोड पर है। इसी बीच भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का दौरा करेंगे। स्थानीय सैन्य संरचनाओं के शीर्ष कमांडर उन्हें घाटी और एलओसी पर बल द्वारा उठाये गये आतंकवाद विरोधी उपायों के बारे में जानकारी देंगे। 15 कोर कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर इस दौरे के दौरान मौजूद रहेंगे। उधर, वायुसेना युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इसे आक्रमण नाम दिया गया है। इसमें अंबाला (हरियाणा) और हाशीमारा (पश्चिम बंगाल) की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लें रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, युद्धाभ्यास का मकसद मैदानों और पहाड़ी इलाकों में कठिन ग्राउंड अटैक के लिए ऑपरेशन को और मजबूत बनाना है। भारत ने गुरुवार दोपहर आइएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया।

## आतंकियों को धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है। पहलगाम आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री ने दुनिया को संदेश देने के लिए मंच से अंग्रेजी में कहा कि हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिलेगी। न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। पूरा देश इस संकल्प में एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं, जो हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में मासूम लोगों को जिस तरह से मारा गया है, उससे पूरा देश व्यथित है। उनके दुख में पूरा देश साथ खड़ा है। जिनका अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। स्पष्ट कहना चाहता हूं, हमला करने वालों को और उनकी मदद करने वालों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। उन्होंने मंच से ही पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि दी।





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# सिर्फ कूटनीतिक स्ट्राइक नहीं, भारत मांगे खून का बदला खून

- जिन्होंने मेरे भाई को मारा, उन्हें मुर्दा देखना है: लेफ्टिनेंट विनय की बहन
- पत्नी एशान्या लगातार अपने पति की फोटो देख उस पर हाथ फेरती रही
- बेटे शौर्य ने दी मुखाग्नि, पत्नी बेहोश, पाकिस्तानी झंडे पर थूक रहे लोग
- अंतिम वक्त तक मनीष ने पत्नी और बच्चों की जान बचाने की कोशिश की
- पिता-पुत्र की अंतिम यात्रा एक साथ निकली तो हर आंख नम हो गयी
- नीरज की पार्थिव देह के पास हाथ जोड़कर बिलखती रही पत्नी आयुषी
- मां ने कहा आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये, तड़पा कर मारा गये
- सुशील का अंतिम संस्कार, पत्नी ताबूत से लिपट कर रोती रही
- जिंदगी में पहली बार छुट्टी मनाने बाहर गये, आखिरी हो गया
- हर तरफ चीखें, आंसू और गुस्से में लोग, कह रहे भारत मांगे खून का बदला खून

**आजाद सिपाही विशेष**

**कश्मीर के पहलगाम में मुस्लिम आतंकियों की बर्बरता के शिकार सैलानियों का अंतिम संस्कार तो हो गया है, लेकिन उनकी चिताओं की आग और कब्र की लपट तब तक ठंडी नहीं होगी, जब तक इस नरसंहार के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिल जायेगी। भारत ने आतंकवादियों को पाल-पोस रहे पड़ोसी पाकिस्तान को कूटनीतिक स्ट्राइक कर जवाब तो दिया है, लेकिन भारत के 140 करोड़ लोगों को इस जवाब से संतोष नहीं हुआ है। वे पहलगाम की घाटी में बहे निर्दोष हिंदुओं के खून की हर बूंद के बदले मुस्लिम आतंकवादियों का खून मांग रहे हैं, उनका सिर मांग रहे हैं, उन्हें मुर्दा देखने की मांग कर रहे हैं। भारत के लोग चाहते हैं कि आतंक का पोषक देश बन चुके पाकिस्तान के खिलाफ उसी तरह की कार्रवाई हो, जिस तरह इस्राइल ने इस्लामी आतंकी संगठन हमास के खिलाफ किया और अब भी कर रहा है। वास्तव में पाकिस्तान को कूटनीतिक स्ट्राइक से कोई अंतर पड़नेवाला नहीं है, क्योंकि वह इतना बेशर्म और बेगैरत मुल्क है कि उसे इस सबकी परवाह नहीं है। उसे उसी की भाषा में जवाब देना पड़ेगा। कहते हैं न लातों के भूत बातों से नहीं मानते। इसलिए भारत को अब उसके वजूद को मिटा देने के रास्ते पर ही आगे बढ़ना चाहिए, ताकि आतंकवाद की इस त्रासदी से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। पहलगाम में हुए नरसंहार के बाद भारत में गम और गुस्से का क्या माहौल है, यह बात नरसंहार में मारे गये लोगों की अंत्येष्टि के समय सामने आयी। गम और गुस्से के इसी माहौल को सामने ला रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

## हमास पैटर्न अपना रहा पाकिस्तान

पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद और पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सिर्फ भारत द्वारा डिप्लोमेटिक स्ट्राइक ही काफी नहीं है, खून का बदला खून से जब तक भारत नहीं लेगा, मुस्लिम आतंकियों द्वारा मारे गये हिंदुओं की चिताओं की अग्नि शांत नहीं होगी। भारत को सात अक्तूबर 2023 का दिन नहीं भूलना चाहिए। उस दिन हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था, जो गाजा पट्टी के साथ, शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। पहलगाम हमला का पैटर्न भी ठीक वैसा ही है। छुट्टी मनाने वाले रिसॉर्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। ऐसे में अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाकिस्तान और पाकिस्तान की आइएसआइ के साथ वैसा ही करे, जैसा इस्राइल ने हमास के साथ किया था। अब समय आ गया है कि आइएसआइ के नेतृत्व को खत्म कर दिया जाये और उसे एक नामित आतंकवादी समूह के रूप में माना जाये और मांग की जाये कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

## पाकिस्तान का सेना प्रमुख असीम मुनीर ने उगले थे जहरीले बोल

पाकिस्तान का सेना प्रमुख असीम मुनीर का भाषण चर्चा में है। उसने अपने भाषण में कहा था, कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है। यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में अकेला नहीं छोड़ेंगे। हमले से कुछ ही दिन पहले 16 अप्रैल को पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान ये बातें कही थीं। उस कार्यक्रम में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। असीम मुनीर ने कहा था कि हमारी आजादी के वक्त हमारे लोगों ने पाकिस्तान का निर्माण यह मान कर किया था कि हम हिंदुओं से हर तरह से अलग हैं। हमारी परंपराएं, धर्म, रीति-रिवाज, सोच सब कुछ अलग है। उसने दो-राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करते हुए हिंदुओं और मुसलमानों को अलग बताया और भारत-पाकिस्तान विभाजन को सही ठहराया। उसने कहा था कि वह कश्मीरी भाइयों और बहनों को अकेले नहीं रहने देगा। लेकिन भारत ने अपने कूटनीतिक स्ट्राइक से पाकिस्तान की उस गर्दन की नस को काट दिया है। पाकिस्तान को पता ही नहीं कि उसकी गर्दन कि नस कश्मीर नहीं, सिंधु जल संधि है, जिसे भारत ने स्क्रैप तो नहीं किया, लेकिन इसे रोक जरूर दिया है। अब पाकिस्तान जल बिन मछली बन तड़पने को मजबूर होगा। पाकिस्तान का अस्तित्व सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता के तहत हस्ताक्षरित यह संधि हिमालय की छह नदियों के पानी का बंटवारा करती है। पूर्वी नदियां (रावी, ब्यास, सतलज) भारत को और पश्चिमी नदियां (सिंधु, झेलम, चिनाब) मुख्य रूप से पाकिस्तान को आवंटित हैं। पाकिस्तान की खेती, पीने का पानी और बिजली उत्पादन का बड़ा हिस्सा इसी पानी पर निर्भर है। दोनों देशों के बीच तीन जंग के बावजूद भारत ने यह समझौता बरकरार रखा था। भारत सिंधु संधि तोड़कर पश्चिमी नदियों का प्रवाह रोक दे, तो पाकिस्तान अभूतपूर्व आपदा का सामना कर सकता है। पाकिस्तान में खेती की 90% जमीन यानी 4.7 करोड़ एकड़ एरिया में सिंचाई के लिए पानी सिंधु नदी प्रणाली से मिलता है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय आय में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 23% है और इससे 68% ग्रामीण पाकिस्तानियों की जीविका चलती है। ऐसे में पाकिस्तान में आम लोगों के साथ-साथ वहां की बेहाल अर्थव्यवस्था और बदतर हो सकती है। पाकिस्तान के मंगल और तारबेला हाइड्रोपावर डैम को पानी नहीं मिल पायेगा। इससे पाकिस्तान के बिजली उत्पादन में 30% से 50% तक की कमी आ सकती है। साथ ही औद्योगिक उत्पादन और रोजगार पर असर पड़ेगा।

## चिता की अग्नि तभी ठंडी होगी जब पाकिस्तान समर्थित आतंकियों को मृत्युदंड मिलेगा

**विनय ने सिर्फ इतना बोला था वह मुसलमान नहीं है और आतंकी ने 3 बार उन्हें गोली मारी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये करनाल के नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बहन सृष्टि का हरियाणा के सीएम नायब सैनी के सामने गुस्सा फूट पड़ा। सृष्टि ने सीएम को कहा कि डेढ़ घंटे तक कोई वहां नहीं आया। अगर आर्मी आसपास होती, तो विनय बच सकता था। मुझे इंसाफ चाहिए। सृष्टि ने सीएम सैनी का हाथ पकड़कर कहा कि विनय ने सिर्फ इतना बोला था वह मुसलमान नहीं है और आतंकी ने 3 बार उन्हें गोली मारी। आइ वांट जस्टिस। जिन्होंने मेरे भाई को मारा, मुझे उन्हें मुर्दा देखना है। मुझे बदला चाहिए। सृष्टि को बिलखते देख सीएम का भी गला भर आया। उन्होंने रुंधे हुए गले से सृष्टि को दिलासा दिया और बोले- जिसने मारा, वो मरेगा। वहीं लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी की भी एक फोटो सामने आयी है, जिसमें करनाल में अंतिम दर्शन के वक्त वह पति के चेहरे को एकटक निहार रही हैं।









## पत्नी आयुषी पति के शव को मुड़-मुड़कर देखती रही

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शिकार 33 साल के जयपुर के नीरज उधवानी का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई किशोर उधवानी ने मुखाग्नि दी। झालना स्थित मोक्षधाम में पत्नी आयुषी नीरज की पार्थिव देह के पास हाथ जोड़कर बिलखती रही। परिवार वालों के बार-बार संभालने के बावजूद उसकी आंखों के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। सीएम भजनलाल शर्मा गुरुवार सुबह मॉडल टाउन (मालवीय नगर) स्थित फॉरेस्ट व्यू अपार्टमेंट पहुंचे और नीरज को श्रद्धांजलि दी। सीएम नीरज की मां ज्योति से भी मिले। सीएम को देखते ही ज्योति फूट-फूटकर रोने लगीं। सीएम ने उनके आंसू पोंछे और सांत्वना दी। इससे पहले घर के बाहर नीरज के अंतिम दर्शन के बाद उनकी पत्नी आयुषी मुड़-मुड़कर देखती रही। वह शव के पास से हटने को तैयार नहीं थी। बमुश्किल परिवार वाले आयुषी को नीरज के शव से दूर ले गए। 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जयपुर के नीरज उधवानी की हत्या कर दी गयी। आतंकियों ने पत्नी आयुषी के सामने ही नीरज को गोली मारी थी। बुधवार की रात 8:15 बजे इंडिगो फ्लाइट से उनका शव जयपुर लाया गया था।

## मुस्लिम आतंकवादी ने पूछा, हिंदू हो या मुसलमान, मैंने कहा हिंदू, फिर उसने मेरे पति को गोली मार दी

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये कानपुर के शुभम द्विवेदी का अंतिम संस्कार हो गया। जैसे ही घर से ड्योढ़ी घाट के लिए शव यात्रा निकली, पत्नी चीख पड़ीं। पत्नी ने 2 दिन से अपने पति की शर्ट पहन रखी थी। उन्होंने वह शर्ट उतारी। उसे सीने से लगाया, फिर फूट-फूटकर रोने लगीं। यह देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गयीं। पत्नी एशान्या लगातार अपने पति की फोटो देख रही हैं और बार-बार उस पर हाथ फेर रही हैं। मां रो-रोकर बेसुध थी। वह बीच-बीच में चीख पड़ती हैं। मां का कहना था आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये, तड़पा-तड़पा कर उन्हें मारा जाये। इससे पहले, सीएम योगी ने शुभम को श्रद्धांजलि दी और घरवालों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान शुभम की पत्नी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि आतंकियों ने मेरे सामने ही मेरे पति को गोली मारी, योगी जी हमें कड़ा बदला चाहिए। आप इसका बदला लो। यह कहते हुए वह रोने लगीं। सीएम योगी ने कहा आतंकवादियों द्वारा यह हमला ताबूत पर आखिरी कील होगा। पत्नी एशान्या ने रोते हुए आतंकी हमले की आंखों देखी सुनायी। उन्होंने कहा मैं और शुभम मैगी खाने जा रहे थे। इसी दौरान एक आदमी पीछे से आया। उसने बंदूक साइड में रखकर शुभम से पूछा- हिंदू हो या मुसलमान? फिर कहा- अगर मुसलमान हो तो पहले कलमा पढ़कर दिखाओ। मैंने हंसते हुए उससे पूछा- क्या हुआ भइया? तब उसने मुझसे भी पूछा- हिंदू हो या मुसलमान? मैंने कहा- हिंदू हूं। इसके बाद उसने मेरे पति को गोली मार दी। पहले शुभम को मारा, फिर बाकी लोगों को भी गोली मार दी। पिता संजय द्विवेदी ने कहा- दो टके के आतंकवादी भारत सरकार को चुनौती देकर चले गये। सरकार को अब सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## पहलगाम हमले में मारे गए छत्तीसगढ़ के दिनेश का अंतिम संस्कार, बेटे शौर्य ने दी मुखाग्नि, पत्नी बेहोश, पाकिस्तानी झंडे पर थूक रहे लोग

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गये छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश मिरानिया का रायपुर में अंतिम संस्कार किया गया। बेटे शौर्य ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में राज्यपाल रामेन डेका, सीएम साय और स्पीकर रमन सिंह भी मौजूद रहे। आतंकी हमले को लेकर शहर में आक्रोश है। सड़कों पर पाकिस्तान के झंडे चिपका दिए हैं, आतंकियों की तस्वीरें लगा दी गयी हैं, उसके ऊपर से लोग गुजर रहे हैं, थूक रहे हैं, गाली दे रहे हैं। अंतिम यात्रा निकलने से पहले कारोबारी की पत्नी नेहा बेहोश हो गयी थीं, उन्हें परिजन घर के अंदर लेकर गये। जानकारी के मुताबिक, 45 साल के दिनेश मिरानिया को जिस दिन गोली मारी गई, उसी दिन उनकी शादी की सालगिरह थी। वह परिवार के साथ खुशियां मनाने बैसरन घाटी गए थे। वहां पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ सेलिब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने उन्हें गोलियों से भून डाला।

## सुशील का अंतिम संस्कार, इंदौर में पत्नी ताबूत से लिपटकर रोयी, बुआ बोलीं मैं अब किसका इंतजार करूंगी

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले इंदौर के सुशील नथानियल का अंतिम संस्कार जूनी इंदौर कब्रिस्तान में इसाई रीति रिवाज से किया गया। यहां परिजन, रिश्तेदार और दोस्तों के अलावा मंत्री तुलसी सिलावट, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले सुशील की अंतिम यात्रा वीणा नगर स्थित उनके घर बी 68 से शुरू हुई। पार्थिव शरीर विशेष वाहन में नंदा नगर चर्च पहुंचाया गया। यहां प्रार्थना के बाद कब्रिस्तान के लिए रवाना हुआ। अंतिम यात्रा से पहले सुशील के घर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। पत्नी जेनिफर उनके ताबूत से लिपटकर रोयीं। पिता बदहवास नजर आए। सुशील की छोटी बुआ इंदु डावर की आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे। कांपती आवाज में बस एक ही सवाल बार-बार पूछ रही थीं, अब किसका इंतजार करूंगी मैं, बता मुझे।

## पहलगाम में मारे गये बिहार के आईबी अफसर को रांची में दी गयी श्रद्धांजलि, आतंकियों ने पत्नी-बच्चों के सामने मारी थी गोली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हो गयी। हमले में बिहार के रहने वाले मनीष रंजन भी मारे गये। मनीष पिछले 2 सालों से आइबी के हैदराबाद ऑफिस में सेक्शन ऑफिसर के पद पर पोस्टेड थे। परिवार का कहना है कि उनकी पहली नौकरी एक्साइज इंस्पेक्टर के तौर पर थी। बाद में आइबी अफसर बने। हालांकि, सरकार की लिस्ट में उन्हें एक्साइज इंस्पेक्टर बताया गया है। मनीष का पार्थिव शरीर गुरुवार सुबह नौ बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचा। एयरपोर्ट पर पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने मनीष को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पार्थिव शरीर सीआरपीएफ कैंप लाया गया, जहां जवानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उसके बाद परिवार एंबुलेंस से पार्थिव शरीर को लेकर पश्चिम बंगाल स्थित झालदा के लिए निकल गया। मनीष के चाचा आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मुश्किल से बहू जया से बात हुई। वह कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं थी। बताया कि, अंतिम वक्त तक मनीष ने उसकी और बच्चों की जान बचाने की कोशिश की। फायरिंग की आवाज सुनते ही कहा कि तुमलोग जल्दी कहीं छिप जाओ। उसके बाद आतंकियों ने नाम पूछा और मनीष को गोली मार दी। पूरा परिवार कश्मीर घूमने गया था।

## गुजरात के भावनगर में पिता-पुत्र का अंतिम संस्कार हुआ, पुणे में बेटी ने पिता को मुखाग्नि दी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। गुजरात के भावनगर में मृतक पिता यतीशभाई सुधीरभाई परमार और बेटे स्मित यतीशभाई परमार का अंतिम संस्कार हो गया है। वहीं, सूरत में मृतक शैलेशभाई कलथिया को बेटे ने मुखाग्नि दी। वहीं, पुणे में मृतक संतोष जगदाले का बेटी असावरी ने अंतिम संस्कार किया। ओडिशा के प्रशांत सतपथी की अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में भीड़ जुटी। आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में मृतक मधुसूदन राव का अंतिम संस्कार हुआ।

## सोचा न था जिंदगी का पहला सफर, आखिरी होगा

पहलगाम हमले में मारे गये पुणे के कौस्तुभ गणबोटे के जीवन का पहला सफर ही आखिरी बन गया। स्नैक्स कारोबारी गणबोटे अपने दोस्त संतोष जगदाले के परिवार के साथ जम्मू-कश्मीर गये थे। उनके पड़ोसी सुनील मोरे ने बताया कि पूरी जिंदगी कौस्तुभ गणबोटे अपने कारोबार को बढ़ाने में व्यस्त रहे। यह पहली बार था, जब उन्होंने और उनकी पत्नी संगीता ने शहर से बाहर यात्रा करने का फैसला किया था। उन्होंने अपने करीबी दोस्त संतोष और उसके परिवार के साथ मिलकर इस यात्रा की योजना बनायी थी। सिर्फ आठ दिन पहले ही उन्होंने कश्मीर की योजना के बारे में बताया था। वे वाकई बहुत उत्साहित थे। मोरे ने बताया कि गणबोटे ने अपना पूरा जीवन रास्ता पेठ की एक संकरी गली में गुजारा और हाल ही में उन्होंने कोंढवा-सासवाड़ रोड पर एक मकान बनवाया। वे हाल ही में दादा बने थे। संतोष जगदाले गणबोटे के घनिष्ठ मित्र थे। जगदाले और गणबोटे का शव गुरुवार सुबह पुणे पहुंचा। संतोष जगदाले को उनकी बेटी असावरी ने मुखाग्नि दी।

## मोरारी बापू की कथा सुनने गये पिता-पुत्र भी आतंकियों की गोलियों के शिकार

हमले में मारे गये भावनगर के यतीश परमार और उनके बेटे स्मित श्रीनगर में मोरारी बापू के प्रवचन में भाग लेने के लिए 16 अप्रैल को कश्मीर गये थे। प्रवचन में भाग लेने के बाद वे मंगलवार को पहलगाम जा रहे थे। यहां आतंकियों ने उनकी हत्या कर दी। यतीश परमार और उनके बेटे के पार्थिव शरीर को मुंबई से एक विमान से अहमदाबाद हवाई अड्डे पर लाया गया। उनकी पिता-पुत्र की अंतिम यात्रा एक साथ निकली तो हर आंख नम हो गयी। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने पिता-पुत्र को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है: पीएम

पहलगाम अटैक के बाद गुरुवार को बिहार के मधुबनी पहुंचे पीएम मोदी ने कहा- 'पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी।' 'आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है।'

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




# सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं ने कहा, हम सरकार के फैसले के साथ

- आंतकी कैंप नष्ट करने की मांग की गयी
- सुरक्षा में चूक के मामले की भी जानकारी दी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये लोगों के लिए मौन रखा गया। इसके बाद आतंकवाद के खिलाफ बड़े ऐक्शन की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता इसमें शामिल हुए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बहुत अच्छी रही। सभी नेताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ सरकार के कदमों का समर्थन किया। सरकार ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से उठाये गये और भविष्य में उठाये जाने वाले कदमों के साथ सभी नेता एकजुट हैं। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि हम कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी के फैसले के साथ हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने नेताओं को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आइबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कदम उठाये जा रहे हैं। सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं।

उधर, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस हादसे में बहुत से निर्दोष लोग मारे गये हैं, हम सभी ने मिलकर कहा है कि देशहित में सरकार जो भी एक्शन लेगी हम सब एक हैं और हम उन्हें सपोर्ट करेंगे। वहां जो हादसा हुआ है, हम उसकी निंदा करते हैं, हमें देश को पैगाम देना है कि हम सब एक हैं। आप के सांसाद संजय सिंह ने कहा कि सभी दलों ने आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिए सरकार से कार्रवाई की मांग की। टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि सुरक्षा चूक पर चर्चा की गयी, सभी दल आतंकवाद से निपटने में सरकार के साथ हैं।

## बैठक में कौन-कौन हुए शामिल

**बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। उनके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद) की सुप्रिया सुले, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, राजद के प्रेमचंद गुप्ता आदि नेता मौजूद थे। बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन और गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका भी शामिल हुए।**

### दिल्ली के साउथ ब्लॉक में हुई कई देशों के राजदूतों की बैठक

# विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने दी पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी

- विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक को 'अवांछनीय व्यक्ति' नोट सौंपा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत कई देशों के राजदूत गुरुवार को विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चुनिंदा देशों के राजदूतों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने जी-20 देशों के चुनिंदा राजदूतों को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी, जिनमें चीन और कनाडा भी शामिल हैं। यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली। इस बैठक में बुधवार को हुई सीसीएसए की बैठक में लिये गये फैसले से भी राजदूतों को अवगत कराया गया।

इससे पहले बुधवार की आधी रात विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद को भी तलब किया। भारत सरकार ने साद को औपचारिक 'पर्सोना नॉन ग्राटा' (अवांछनीय व्यक्ति) नोट सौंपा। पर्सोना नॉन ग्राटा का सीधा मतलब यह होता है कि किसी राजनयिक या विदेशी व्यक्ति को किसी विशेष देश में प्रवेश या रहने से मना करना। भारत ने पाकिस्तान के सैन्य राजनयिकों के लिए ये नोट थमाया है। इसके बाद उन्हें एक हफ्ते के भीतर भारत छोड़ना होगा।

# 'आक्रमण' की तैयारी!

## राफेल के साथ शुरू किया अभ्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। पाकिस्तान को सबक सिखाने की पूरी तैयारी शुरू कर दी गयी है। गम और गुस्से के बीच भारतीय वायु सेना ने युद्धाभ्यास की तैयारी शुरू कर दी है। अभ्यास का नाम 'आक्रमण' दिया गया है। भारतीय वायु सेना राफेल लड़ाकू विमान के नेतृत्व में मध्य क्षेत्र में एक बड़े क्षेत्र में आक्रमण (हमला) अभ्यास कर रही है। भारतीय वायु सेना के पायलट जमीनी और पहाड़ी क्षेत्रों में हमले का अभ्यास कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक वाले लड़ाकू विमान जमीनी हमले और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अभ्यास से जुड़े जटिल मिशनों को अंजाम दे रहे हैं। भारतीय वायु सेना मेटियोर एयर टू एयर मिसाइलों और रैम्पेज और रॉक्स जैसी लंबी दूरी की उच्च गति वाली कम ड्रैग मिसाइलों को शामिल करके दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपने विरोधियों पर बढ़त बनाये हुए है। भारतीय वायु सेना राफेल विमान के दो स्क्वाड्रन संचालित करती है जो पश्चिम बंगाल के अंबाला और हाशिमारा में स्थित हैं। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है, जब पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस अभ्यास पर वायु सेना मुख्यालय की कड़ी निगरानी है। भारतीय वायु सेना के टॉप गन पायलट उच्च योग्य प्रशिक्षकों की कड़ी निगरानी में अभ्यास में भाग ले रहे हैं।

### एयरपोर्ट पर मनीष रंजन को दी श्रद्धांजलि

# सख्त कार्रवाई करने के लिए सरकार संकल्पित: बाबूलाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहलगाम आतंकी हमले में मनीष रंजन के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मनीष रंजन के पार्थिव शरीर को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के झालदा स्थित उनके पैतृक स्थान ले जाने के लिए रांची हवाई अड्डा लाया गया था। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, सुबोध सिंह गुड्डू, वरुण साहू सहित अन्य शामिल हैं। मरांडी ने कहा कि यह घटना अप्रत्याशित और दिल दहलाने वाली है जिसमें धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऐसे मानसिकता में फल फूल रहे आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देश का का मिजाज ऐसे आतंक के खिलाफ है और भारत सरकार इसे कुचलने के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी ऐसी मानसिकता के लोग हैं जो शरिया को संविधान से ऊपर मानते हैं। संविधान की शपथ लेकर खून खराबे की बात करते है। उन्होंने कहा कि सेक्युलरिज्म के नाम पर वोट बैंक के लिए राज्य सरकार का संरक्षण ऐसे लोगों को प्राप्त है। जबकि ऐसे लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए, जेल में डालना चाहिये।

# बौखलाया पाकिस्तान, सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित किये

## सिंधु संधि रोकना, युद्ध की कार्रवाई माना जायेगा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिये हैं। भारत की ओर से की गयी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक की।

ये बैठक इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जायेगा।

### सिंधु जल समझौते पर पाबंदी सही नहीं: पाक पीएम

**इस्लामाबाद (आजाद सिपाही)।** पहलगाम हमले के बाद भारत के सिंधु जल समझौता स्थगित करने को पाकिस्तान ने सही कदम नहीं बताया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि यह पाबंदी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें बातचीत से मसले हल करने चाहिए। पाकिस्तान पंजाब में सिंधु नदी पर नयी नहरें बना रहा था, जिसे लेकर सिंध में प्रदर्शन किया जा रहा था। अब इसे रोक दिया गया है।

**इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के बाहर हंगामा:** नेशनल सिक्योरिटी कमेटी की बैठक के कुछ देर बाद बाद पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग के बाहर भीड़ ने जमकर हंगामा किया, कुछ लोगों ने गेट फांदने की भी कोशिश की और भारत विरोधी नारे लगाये। आरोप लग रहे हैं कि पाकिस्तान ने जानबूझ कर भारतीय उच्चायोग के बाहर से सुरक्षा हटा ली है।

**पाकिस्तान की सुरक्षा परिषद में लिये गये फैसले**

- शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से स्थगित किये गये।
- पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर बंद करने के आदेश जारी कर दिये हैं।
- भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किये।
- एनएससी बैठक के बाद पाकिस्तान ने कहा, पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जायेगा।

# पहलगाम अटैक के बाद पर्यटकों का पलायन शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद करीब 90% लोगों ने अपनी ट्रैवल बुकिंग कैंसिल कर दी है। पर्यटक जल्द से जल्द घाटी से बाहर निकलना चाहते हैं, इसलिए फ्लाइट पकड़ने के लिए श्रीनगर पहुंच रहे हैं। वहां के लोगों में रोजगार जाने का डर है। यहां की अर्थव्यवस्था टूरिज्म पर काफी निर्भर है, इसलिए उसे नुकसान पहुंच सकता है।

बीते कुछ साल में सरकार की कोशिशों के बाद घाटी में शांति और अर्थव्यवस्था दोनों पटरी पर आते दिखी थी। अब पहलगाम अटैक में 26 लोगों के मारे जाने के बाद टूरिज्म और इससे जुड़े सेक्टर्स को बड़ा झटका लग सकता है। पहलगाम में 24 घंटे के भीतर लगभग 20,000 होटल रूम्स में से 90% से ज्यादा कमरे खाली हो गये हैं।

## अगर तू पानी बंद करेगा तो हम तेरी सांसें बंद करेंगे: आतंकी हाफिज सईद



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं। भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया। भारत के इस फैसले से पाकिस्तान पर जल संकट गहराने का खतरा मंडराने लगा है। भारत के एक्शन से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। हालांकि भारत के कड़े फैसले के बावजूद पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है और आतंकवादी हाफिज सईद के बहाने भारत को धमकी दी है। पाकिस्तान आतंकी हाफिज सईद के एक पुराने वीडियो को वायरल कर भारत और पीएम मोदी को धमकी देने की कोशिश कर रहा है। वायरल वीडियो में आतंकी हाफिज सईद भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कह रहा है, 'अगर तू पाकिस्तान का पानी रोकेगा, तो हम तेरी सांसें बंद कर देंगे। दरियाओं में खून बहेगा।'**

# पाकिस्तान की हिरासत में बीएसएफ जवान

- गलती से भारतीय सीमा के उस पार चला गया था
- 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं किया रिहा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जीरो लाइन पार कर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान सरहद लांघ कर पाकिस्तान चला गया था। जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लिया है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। बीएसएफ का जवान गलती से सीमा के उस पार चला गया था। जवान को वापस लाने के लिए बीएसएफ के अधिकारी पाकिस्तान रेंजर्स के बात कर रहे हैं। बीएसएफ एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जवान की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मीटिंग बुलायी गयी है। यह बैठक फिरोजपुर बॉर्डर पर होगी। सूचना मिलते ही बीएसएफ के अधिकारी बॉर्डर पर पहुंचे। जवान को छुड़वाने के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स और बीएसएफ के अधिकारियों के बीच बॉर्डर पर बुधवार रात तक फ्लैग मीटिंग की गयी, लेकिन जवान को रिहा नहीं किया गया। गुरुवार दोपहर को फिर से दोनों मुल्कों के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। इस बैठक में भी कोई हल नहीं निकला और पाकिस्तान ने जवान पीके सिंह को नहीं लौटाया।

### पहलगाम से लौटे सैलानी दंपति ने बतायी आंखों देखी

# घोड़ा वाले से किराया तय करने में लगे 20-25 मिनट ने बचा ली अमरेंद्र-मोना की जान

- होटल-टैक्सी वालों ने मदद की, विमानन कंपनियों ने किराया दोगुना कर दुख बढ़ाया

**अरुण सिंह**



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** 22 अप्रैल के अपराह्न लगभग तीन बजे कश्मीर के पहलगाम घाटी में आतंकियों के दुस्साहस को कुछ अन्य सैलानियों की तरह अमरेंद्र चौहान और उनकी पत्नी मोना चौहान ने भी देखा। बिहार के वैशाली जिलांतर्गत दौलतपुर-चांदी गांव के मूल निवासी अमरेंद्र पुणे (महाराष्ट्र) में दवाइयों के कारोबार से जुड़े हैं। चार दिनों की छुट्टी मनाने के ख्याल से अमरेंद्र अपनी पत्नी मोना के साथ 22 अप्रैल को विमान से पुणे से श्रीनगर पहुंचे थे। एयरपोर्ट से टैक्सी लेकर वे पहलगाम गये। होटल ग्रीन रिसॉर्ट में उन्होंने कमरा बुक करा रखा था। सामान रखा और झटपट फ्रेश होकर पति-पत्नी वाइजर घाटी जाने के लिए होटल से निकल गये। वाइजर घाटी को सैलानी मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से भी जानते हैं।

वाइजर घाटी के आकर्षक नजारे को निकट से निहारने के लिए अमरेंद्र ने घोड़ा वाले से रेट तय करना शुरू किया और मोल-भाव के चक्कर में 20-25 मिनट का समय लग गया था। 15 हजार से शुरू होकर घोड़ा से घूमने का किराया छह हजार पर तय हुआ। इसके बाद पहलगाम की ठंडी हवाओं के थपेड़ों ने अमरेंद्र और उनकी पत्नी के दिल में एक-एक कप चाय की चुस्की की चाहत जगा दी। दोनों का कुछ समय चाय की दुकान पर भी गुजरा। बहरहाल, चाय पीकर पति-पत्नी वाइजर घाटी की ओर निकल पड़े। घोड़ा वाले ने जिस स्थान पर वाइजर घाटी में इन दोनों को घोड़ा से नीचे उतारा, उससे लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर आतंकियों ने सैलानियों के ऊपर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। चीख-पुकार शुरू हो गयी।

अमरेंद्र और उनकी पत्नी अन्य सैलानियों की तरह हक्का-बक्का रह गये। अमरेंद्र आतंकियों के इस दुस्साहस को देख थर-थर कांप रहे थे। वह कुछ सोचने-समझने की स्थिति में नहीं थे। तभी घोड़ा वाले ने साहस दिखाते हुए अमरेंद्र और मोना को आनन-फानन में घोड़े पर बैठाया और घटनास्थल से दूसरी दिशा में दूर तक ले भागा।

पोटका ( जमशेदपुर ) के वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह के चचेरे भाई अमरेंद्र बताते हैं कि घोड़ा से उतर कर वे सीधे होटल के कमरे में पहुंचे, अपना बैग उठाया और टैक्सी लेकर बिना समय गंवाये सरपट श्रीनगर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गये। उन्होंने यह भी बताया कि होटल और टैक्सी वाले ने पैसे लेने से मना कर दिया। अमरेंद्र की मानें, तो आतंकी कृत्य से पहलगाम के घोड़े वाले, टैक्सी चालक, होटल- लॉज कारोबारी सभी काफी दुखी और नाराज दिखे। जिस टैक्सी वाले ने उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ा, उसने चिंतित लहजे में कहा कि आतंकियों के इस कुकृत्य ने एक बार फिर से उनकी रोजी-रोटी पर कुछ दिनों के लिए ब्रेक लगा दिया है। बावजूद इसके, टैक्सी वाला अमरेंद्र से किराये का पैसा नहीं ले रहा था। अमरेंद्र ने जबरन उसकी जेब में रुपये डाले और थैंक्स कहा।

लेकिन, होटल-टैक्सी वाले के व्यवहार के उलट विमानन कंपनी वालों का स्वभाव देखने को मिला। अमरेंद्र पुणे से श्रीनगर आये थे साढ़े सात हजार का टिकट लेकर, लेकिन आतंकी घटना की सुचना मिलते ही इन कंपनियों ने रंग बदल लिया। श्रीनगर से पुणे के टिकट की कीमत बढ़ाकर 19 हजार कर दी। अमरेंद्र की मानें तो पहलगाम एवं आसपास के लोगों ने इस आपदा में सैलानियों की भरपूर सहायता की। लेकिन इन सबके उलट विमानन कंपनियों ने किराये में दोगुना इजाफा करके मौके का फायदा उठाया।

अमरेंद्र चौहान और उनकी पत्नी मोना चौहान की जान बच गयी और इसके लिए वे पुणे के अपने कुछ दोस्तों का धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने उन्हें पहलगाम आते समय बताया था कि घोड़ा वाले ज्यादा पैसे मांगते हैं। इसलिए घोड़ा वालों से इत्मीनान से मोलभाव करना। तभी तो घोड़ा वाले ने 15 हजार की डिमांड की, तो अमरेंद्र उससे मोलभाव करके मामला छह हजार में फिट किया और इसमें 20-25 मिनट का समय लगा। फलस्वरूप अमरेंद्र और उनकी पत्नी मोना की जान बच गयी।


**P.P.K. COLLEGE (BUNDU) RANCHI**
(A CONSTITUENT UNIT OR RANCHI UNIVERSITY, RANCHI)

**SHORT TENDER NOTICE**

Panch Pargana Kisan College, Bundu invites sealed tenders (in two bid system) from eligible and experienced bidders for the deployment of security personals and gardener-cum-caretaker.

The tender document can be purchased from the college accounts office from 25/04/2025 12:00 PM to 02.05.2025 01:00 PM on the payment of Rs. 1500/- (Rs One thousand Five Hundred only) (non-refundable) in the shape of demand draft drawn in favour of **Principal, P.P.K. College, Bundu** payable at Bundu.

Sl. No. G/PPK/78/25
Date 24/04/2025

(Dr. Binita Kumari)
Principal
P.P.K. College, Bundu

## आस्था ने यूपीएससी में पायी सफलता, हुई सम्मानित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बरही विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत चंदवारा निवासी महादेव यादव की नतनी आस्था शरण ने यूपीएससी में सफलता हासिल की। इस सफलता पर उनके ननिहाल में पगड़ी पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अज्जू सिंह, चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल, बबलू यादव, नीरज यादव, श्रीकांत पांडेय, प्रमोद मोदी, अविनाश पंडित, द्वारिक यादव, संजीवनी एकेडमी के निदेशक संजीव कुमार व अन्य शामिल थे।

## गांव के विकास को आगे बढ़ाना है: ऋतुराज




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज, उपाध्यक्ष जिला परिषद निर्मला देवी, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बिहार राज्य के मधुबनी जिला में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से उनका संबोधन को सुना गया। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा देश के विकास के लिए गांव के विकास को आगे बढ़ाना है। कोडरमा जिला में पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत, गांवों के विकास के लिए कार्य किये जा रहे हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें पंचायत के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जायेगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने कहा कि पंचायत व गांवों को सशक्त बनाया जा रहा है और पंचायत व गांवों को सशक्त व मजबूत बनाया जायेगा। उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलाया गया। लोगों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए समय देने, समय समय पर श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने, न गन्दगी करने और ना ही किसी और को करने देने का संकल्प लिया। मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला सांख्यिकी अधिकारी कृष्णमूर्ति, जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद वर्णवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

## टाटीझरिया में पंचायती राज दिवस मना



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज्य दिवस के उपलक्ष्य पर प्रखंड कार्यालय सहित सभी पंचायत भवन में पंचायत राज दिवस मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख संतोष मंडल के अध्यक्षता में मनाया गया जहां पर स्वस्थ रहने और रखने पर शपथ लिया गया। वहीं भराजो पंचायत भवन में मुखिया स्वास्तिका कुमारी, टाटीझरिया पंचायत भवन में सुरेश यादव, खैरा में कुमारी माधुरी, झरपो में शिबु प्रसाद सोनी, डुमर में ममता कुमारी, बेडम में सुमित्रा देवी, धरमपुर में कांती देवी और डहरभंगा में रेखा देवी की अध्यक्षता में मनाया गया। सभी ने अपने पंचायत को साफ और स्वच्छ रखने का शपथ लिया और विकास कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बिहार में आयोजित कार्यक्रम को लाइव देखा। मौके पर बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, उपेंद्र पांडेय, कैलाश पति सिंह, मिथलेश वर्मा, कौलेश्वर कुमार, रविन्द्र यादव, सुजीत रजक, सुधीर राय, दीपक कुमार, मनीषकांत, रघुनंदन, सुनील कुमार समेत अन्य उपस्थित था।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संबोधन सभी प्रतिभागियों ने एक साथ देखा और सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने पंचायतों को लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए स्थानीय स्वशासन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। मौके पर प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शोएब खान, पंचायती राज समन्वयक विवेक कुमार, बीपीओ विकास कुमार सिंह, संतोष कुमार, शीतल पिंगुवा, अनीता कुमारी, प्रेम कुमार, नितीश कुमार, मनोरंजन कुमार, सुभाष पासवान, दीपक, अखिलेश कुमार सहित प्रखंड अंचल और कर्मचारी लोग उपस्थित थे।

## स्कूल में जल मीनार खराब, पेयजल और मध्यान भोजन प्रभावित



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** चेपाकला पंचायत के अंतर्गत ग्राम जुगरा पन्नावाटांड़ टोला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक रामदुलार कुमार साव 29 मार्च 2025 से जेल में है। जिसके कारण बच्चों का पठन-पाठन बाधित हो रही है। विद्यालय के सचिव बालदेव साव अकेले विद्यालय को देखरेख कर रहे हैं। स्कूल के निरीक्षण में विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि पंसस कृष्णा राम ने स्कूल में पानी की समस्या को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल से बात करके अभिलंब पानी पूर्ति कराने की मांग की है। जल मीनार खराब होने के कारण बच्चों को पानी पीने और मध्यान भोजन बनाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव में पानी की घोर समस्या है, इसके अलावा देश की आजादी के बाद आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं आयी है। जो बहुत ही दुख की बात है। वहीं ग्रामीणों ने विद्यालय का मरम्मती और चाहरदीवारी बनाने की मांग की है। कृष्ण राम ने कहा कि मैं सांसद से बात करके बिजली लाने का मांग रखूंगा। मौके पर कृष्ण राम, बालदेव साव, खैंटा सिंह भोगता, अमृता भोगता, बालेश्वर गंझु, मघा गंझु, छोटु गंझु, चेतलाल गंझु, देवा गंझु, तालकेश्वरी गंझू, मंजू देवी, जीरवा देवी, शांति देवी, फागुनी देवी, कमली देवी और ग्रामीण लोग उपस्थित थे ।

# सड़क दुर्घटना में दो मजदूरों की मौत, सात घायल

**धीरज पुरी**

**दारु /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एनएच-522 पर दारू थाना क्षेत्र के पिपचो में गुरूवार प्रातः करीब 4 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। हाइवे में सड़क किनारे खराब पड़े खड़ी ट्रक (जेएच 02 एवी 5019) को पीछे से आ रही पिकअप वाहन (जेएच 02 एए 0690) ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप सवार दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि 7 लोग घायल हो गये हैं। इनमें से 3 की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। हादसे को लेकर जानकारी के मुताबिक पिपचो में सडक किनारे ब्रेकडाउन के कारण ट्रक खड़ी थी। इसी दौरान हजारीबाग की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी



जोरदार थी की पिकअप वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर के बाद पिकअप वाहन में बैठे लोग वाहन में ही फंस गए और करीब एक घंटे तक वाहन मे फंसे लोगो की चीख पुकार से दहल गया। थाना प्रभारी शफीक खान, ग्रामीण व राहगीरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद जेसीबी लगाकर ट्रक को हटाया गया और उसमे बुरी तरह फंसे लोगों को निकाला गया। पिकअप वाहन में विष्णुगढ़ के गिधिनिया गांव के रहनेवाले कुल 9 लोग सवार थे। ये सभी ढलाई का काम करने वाले मजदूर थे। जो हजारीबाग कार्मेल चौक के पास ठेकेदार तापेश्वर कुमार के पास काम कर के घर लौट रहे थे। इस दुर्घटना में पिकअप वाहन में संगीता कुमारी, सुरजमुनी देवी, नरेश मरांडी, आरती कुमारी, बहामुनि देवी, चालक सहदेव मरांडी, दशमी देवी, मणि कुमारी और ललिता कुमारी सवार थे। दारू पुलिस, स्थानीय लोग और राहगीर कृष्णा साव, नंदन प्रजापति, पप्पू प्रजापति, संतोष प्रजापति, छोटी प्रजापति आदि लोगों के सहयोग से घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने मणि कुमारी और ललिता कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस दुर्घटना में शामिल तीन लोगों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

**एक घंटे बाद पहुंचा एम्बुलेंस**

- सडक दुर्घटना होने के बाद घर मे सोये लोग चीख पुकार सुनकर बाहर निकले और घायलों की मदद किया। 108 एम्बुलेंस वाहन से सम्पर्क करने के बाद दारु, टाटीझरिया और बिष्णुगढ़ मे वाहन उपलब्ध नही रहने की जानकारी दी गयी और हजारीबाग से एम्बुलेंस को भेजा गया जिसे घटनास्थल तक पहुँचने मे एक घंटा का वक़्त लग गया तबतक दो घायलों की मौत हो चुकी थी और कम से कम तीन और घायलो की स्तिथि खराब होती जा रही थी। ग्रामीणों ने ए म्बुलेंस वाहन उपलब्ध नही होने की स्तिथि मे गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए रोश ब्यक्त किया और कहा की यदि दारु या टाटीझरिया प्रखंड मे वाहन उपलब्ध रहता तो घायलों को जल्द इलाज मिल पाता और शायद कुछ जाने भी बच जाती।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# अवैध खनन पर कार्रवाई करने का निर्देश

**मार्च माह में अपेक्षाकृत कम कार्रवाई को डीसी ने बताया नाकाफी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की। उपायुक्त ने विभिन्न संचार माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव और परिचालन की सूचना पर पुलिस और प्रखंड स्तर पर संबंधित अधिकारियों को बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने जिलास्तर के सभी चेक पोस्ट का सुचारू और गंभीरता से बालू से लदे वाहनों की जांच और परिचालन पर रोक लगाने की बात कही।

उपायुक्त ने मार्च माह में पूरे जिले से मात्र एक अवैध वाहन पर एफआइआर की कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने विशेष शाखा से प्राप्त सूचनाओं पर भी तत्परता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया साथ ही एक्शन टेकेन रिपोर्ट भी अनिवार्य से भेजने को कहा।

विभिन्न अंचलों से कार्रवाई की शून्य प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अत्यंत खेद जताया साथ ही उन्होंने वैसे अंचल जिनके द्वारा कार्रवाई की रिपोर्ट अप्राप्त है उन्हें स्पष्ट रूप से गुणात्मक सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया।

उपायुक्त ने आगे कहा कि हजारीबाग इको सेंसेटिव जोन अंतर्गत कुछ क्रशरों के संचालन की सूचना है जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

आगे उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से खनिज लदे वाहनों पर ओवरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गयी कार्रवाई की समीक्षा की।

अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम के लिए जिले के सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को उपायुक्त के द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये।

**मार्च माह में हुई कार्रवाई की रिपोर्ट**

बालू लदे जब्त वाहनों की संख्याः 24, स्टोन चिप्स लदे जप्त वाहनों की संख्याः 04, दर्ज प्राथमिकी की संख्याः 01, वाहनों से वसूली गयी जुर्माना राशिः 4.07 लाख। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी पूर्वी, वन प्रमंडल पदाधिकारी पश्चिमी, वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी प्रमंडल, सदर और बरही एसडीएम, डीएमओ अजीत कुमार, अंचलाधिकारी और सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## आजाद सिपाही में छपी खबर का असरः डीवीसी चौक के वॉच टावर में लगी घड़ी को कराया गया ठीक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के डीवीसी चौक पर स्थित वॉच टॉवर की घड़ी, जो बीते कई महीनों से खराब पड़ी थी, आखिरकार नगर निगम के हस्तक्षेप के बाद ठीक कर दी गयी है। यह मरम्मत नगर निगम की त्वरित कार्रवाई और आजाद सिपाही में प्रकाशित विशेष रिपोर्ट का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस खबर में बताया गया था कि किस प्रकार पिछले तीन वर्षों से यह घड़ी बार-बार खराब हो रही है और नागरिकों को गलत समय की जानकारी देकर भ्रमित कर रही है। समाचार प्रकाशित होने के तुरंत बाद नगर निगम हरकत में आया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये



गये। गुरुवार को तकनीकी टीम की मदद से वॉच टॉवर की घड़ी की मरम्मत कर इसे दोबारा चालू किया गया। अब यह घड़ी फिर से समय दिखाने लगी है। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि इस बार घड़ी की मरम्मत में विशेष ध्यान दिया गया है ताकि यह बार-बार खराब न हो। हम इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करेंगे। हालांकि, यह भी एक सच्चाई है कि इससे पहले जब-जब घड़ी को ठीक किया गया, कुछ समय के भीतर ही वह फिर से खराब हो जाती रही है। नागरिकों के मन में अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या इस बार यह सुधार स्थायी सिद्ध होगा, या फिर कुछ महीनों बाद पुनः वहीं स्थिति लौट आयेगी।

## मसकेडीह के जंगल में लगी भीषण आग

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम मसकेडीह के जंगल में दिन के 11 बजे के करीब आग लग गयी देखते ही देखते आग भीषण रूप में तब्दील हो गया। आग की सुचना मिलते ही दुमदुमा बीट के वनरक्षी मनोरंजन कुमार, प्रभारी वनपाल संटु कुमार, टुकलाल नायक तुरंत मौके पर पहुंच कर दो मशीनों से आग बुझाने लगे, तेज हवा चलने के कारण आग बुझाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और आग फैलते ही जा रही थी। 4 से 5 घंटे तक लगातार प्रयास के बाद शाम 6 बजे आग पर काबू पाया जा सका। वनरक्षी मनोरंजन कुमार ने कहा कि आग लगने की घटना में 20-25 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल कर राख हो गया। जिससे काफी नुकसान भी हुआ और इससे जानवरों को भी नुकसान पहुंचा।

### हजारीबाग में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में संजीवनी सेवा कुटीर पर रार

# स्वास्थ्य मंत्री ने हटाने का फरमान जारी किया, सदर विधायक ने कहा, नहीं हटायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा सदर अस्पताल परिसर में संचालित संजीवनी सेवा कुटीर को हटाने के निर्देश दिये जाने के बाद, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को एक विशेष प्रेस वार्ता आयोजित कर इस निर्णय का विरोध किया। उन्होंने इसे जनसेवा पर आघात बताते हुए कहा कि यह कार्य न सिर्फ असंवेदनशील है, बल्कि राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भी प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यह सेवा कुटीर दिनांक 4 जनवरी 2025 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में स्थापित किया गया था, और तब से आज तक करीब 6000 से अधिक जरूरतमंदों को



चिकित्सा सहयोग प्रदान कर चुका है। कई आपातकालीन मामलों की सेवा बिना रजिस्ट्रेशन के भी दी गयी है, विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से सवाल किया कि वे हजारीबाग आते तो हैं, पर अस्पताल परिसर का निरीक्षण क्यों नहीं करते। सिर्फ सर्किट हाउस में बैठक कर चले जाने से उन्हें कैसे जानकारी होगी कि जमीनी स्तर पर क्या कार्य हो रहा है। बिना कोई जायजा लिए, सेवा कुटीर को हटाने का आदेश देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदीप प्रसाद ने कहा की स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि यह सेवा कुटीर किसी विशेष समुदाय के लिए है, पर मैं स्पष्ट कर दूं कि जिन 6000 लोगों का इलाज किया गया है, उनमें हर धर्म, जाति, वर्ग के लोग शामिल हैं। हमारे पास पूरा डाटा है आप खुद आकर देख सकते हैं। अगर आप एक सेवा कुटीर हटायेंगे, तो हम सौ सेवा कुटीर खड़े कर देंगे। हजारीबाग में सेवा महल बनेगा, पर सेवा कुटीर अपनी जगह से एक इंच भी नहीं हटेगा। वहीं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर अनुकरण पूर्ति ने कहा कि पिछले दिनों हजारीबाग में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी आये थे। इन्होंने यह आदेश निर्गत किया है आदेश देने के बाद सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को पत्राचार किया गया है और कहा है कि दो दिनों के अंदर इसे हटाया जाये ताकि सरकार को जवाब नहीं देना पड़े।

## केरेडारी में विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की एक बैठक प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में जिला से विकास कुमार सोनी (डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल, डीएलएसए, हजारीबाग), गौरव सहाय (एडवोकेट एंड मेडिएटर, डीएलएसए, हजारीबाग) और विकास पांडे, पीएलवी उपस्थित रहे साथ ही प्रखंड स्तरीय 6 पीएलवी अर्थात पैरा लीगल वॉलिंटियर्स भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, उप प्रमुख अमेरिका महतो, प्रधान सहायक उमेश दास, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा, खुशवंत कुमार सहित सभी कर्मी और विभिन्न गांवों से आये ग्रामीण उपस्थित रहे। गौरव सहाय द्वारा डीएलएसए की प्रासंगिकता के बारे में बताया गया और उन्होंने कहा कि डीएलएसए की सहायता से गरीब लोग भी न्याय पा सकते हैं। वहीं विकास कुमार सोनी द्वारा अनेक उदाहरणों के द्वारा कानूनी जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया और उनके द्वारा कई धाराओं और अधिकारों से उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात पंचायत स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम भी निश्चित है। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया जहां से ग्रामीणों को दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधिक जागरूकता के पश्चात परिसंपत्तियों का वितरण किया गया जिसमें पांच नए राशन कार्ड, चार मनरेगा जॉब कार्ड, पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र, 6 आवास स्वीकृति पत्र, 5 केसीसी (कुल 330000 रुपए), दस कृषकों के बीच नैनो यूरिया का वितरण भी किया गया।

## प्रेस क्लब में शोक सभा का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इस कायराना हमले में अनेक निर्दोष पर्यटकों की जान गयी, जिससे देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल है। इसी क्रम में गुरुवार को हजारीबाग प्रेस क्लब में शोकसभा का आयोजन कर मरने वालों को श्रद्धांजलि दी गयी। अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन के साथ की गयी, जिसमें हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि पत्रकारिता जगत देशहित और जनहित में कार्य करता है और ऐसे समय में हम सभी को एकजुट होकर आतंक के विरुद्ध आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेस क्लब देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता के पक्ष में हमेशा खड़ा रहेगा। क्लब के सचिव विस्मय अलंकार ने कहा कि देश की जनता को आतंक के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा होना होगा, ताकि निर्दोष लोगों की जान बचायी जा सके। संरक्षक कृष्णा गुप्ता ने कहा कि शोकसभा का उद्देश्य न केवल श्रद्धांजलि देना था, बल्कि यह संदेश भी देना था कि देश की जनता आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन सोनी, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, कोषाध्यक्ष राजकुमार गिरी शानू, सागर कुमार, अभय सिंहा, सचिन खंडेलवाल, गौरव सिंहा, भास्कर उपाध्याय, सीतेश तिवारी, अभिषेक पांडे, प्रहलाद सिंह, रितेश खण्डेलवाल, रुपेश सोनी, प्रदीप सिन्हा, उमेश चौबे, बबलू उपाध्याय, पीयूष मिश्रा, आशीष सिन्हा, रूपांशु चौधरी, मुकेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थें।

## छात्राओं ने बाबू कुंवर सिंह को किया याद



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बाबू कुंवर सिंह की जयंती सह विजयोत्सव के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं सह शिक्षिकाओं ने बाबू कुंवर सिंह को याद किया। साथ ही देश सेवा के लिए बतायें गाय उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से शाम की प्रार्थना सभा में जम्मू कश्मीर के पहलगांव में पहलगांव आतंकी हमले में मारे गये मृतकों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई वार्डेन सह शिक्षिका ज्योति वर्मा ने किया। विद्यालय की छात्राएं सहित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर आतंकी हमला में मारे गये लोगों के आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय की गार्ड जस्मीन कुजूर, नंदिया कुमारी सहित विद्यालय की लक्ष्मी, प्रीति, यास्मीन, खुशी, अर्चना, ममता आदि काज छात्राएं शामिल थीं। मौके पर वार्डेन ने छात्राओं को पहलगांव हमले की संक्षिप्त जानकारी भी दिया।

## मोमबत्ती जलाने का नहीं, एक्शन का समय है: टोनी जैन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। निर्दोष पर्यटकों पर की गयी इस बर्बर घटना को लेकर जन आक्रोश चरम पर है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ सबसे घिनौनी हरकत करार दिया है। टोनी जैन ने कहा, यह वक्त मोमबत्ती जलाने का नहीं, एक्शन लेने का है। जिस तरह धर्म पूछकर मासूम पर्यटकों को उनके परिवार के सामने मौत के घाट उतारा गया, वह कायरता की पराकाष्ठा है। पूरे भारतवर्ष का हिंदू समाज आज मर्माहत है, क्रोधित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से अपील की है कि अब वक्त आ गया है कि भारत के दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब दिया जाये। उन्होंने कहा, जिस नवविवाहिता के सामने उसके पति को बेरहमी से मारा गया, उसका कसूर क्या था आज भारत की हर बेटी, हर मां सरकार की तरफ उम्मीद से देख रही है। टोनी जैन ने मांग की कि इस हमले का जवाब ऐसा हो जो पूरी दुनिया के लिए मिसाल बने। 27 निर्दोषों की बलि का बदला 27 हजार आतंकियों को जहन्नुम भेजकर लिया जाये ताकि भविष्य में कोई भारत की ओर आंख उठाने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने सरकार से अपील की कि अब शब्दों का नहीं, कार्यवाही का समय है। जिहादियों को उनकी ही भाषा में जवाब देना होगा, तभी शहीदों की आत्मा को शांति मिलेगी और भारतवासियों का विश्वास सशक्त होगा।

## बीज विक्रेताओं को मिली पॉस मशीन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला कृषि कार्यालय कोडरमा आत्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम जिला में उर्वरक बिक्री हेतु पाश मशीन (स्कैनर युक्त) का वितरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इफको द्वारा 59 मशीन का वितरण उर्वरक विक्रेताओं के बीज किया गया। मशीन चलाने की प्रशिक्षण गोतम साहु ने दिया। खाद विक्रेताओं को बताया गया कि इसके दुरूपयोग से परेशानी हो सकती है, मशीन ब्लौक हो जायेगी। बिना मशीन के खाद की बिक्री नहीं हो पायेगी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी रविशंकर वर्णवाल, इफको प्रतिनिधि रजनीश कुमार उपस्थित थे।

## प्रबंधन श्रमिकों की मूलभूत समस्याओं का निदान करे: विजय बेदिया




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ संयोजक मंडली की एक बैठक श्रमिकों की मूलभूत समस्याओं और संघ की मजबूती को लेकर आम्रपाली परियोजना कांफ्रेंस हॉल में संयोजक सदस्य किशोर कुमार महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य संयोजक विजय बेदिया ने कहा कि वैसे तो श्रमिकों की मुख्य समस्या आवास है अगर प्रबंधक श्रमिकों को आवास दे तो मुख्य समस्या का समाधान हो जायेगा। लगभग एक दो ब्लॉक बनकर तैयार भी हो चुका है। बहुत से कांटा घरों में एसी खराब है, उसे दुरुस्त किया जाये, श्रमिकों को वाटर बोतल, तोलिया, कांटा घरों के पास समुचित रूप से पानी का छिड़काव किया जाये। साथी उन्होंने कहा कि अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल प्रबंधक से मिलकर इन समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने का आग्रह करेगी। बैठक में संगठन को मजबूती को लेकर मई माह में एक दिवस से सम्मेलन कर संगठन को विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य लखन महतो, संतोष कुमार पासवान, पीयूष कुमार सिंह, चेतलाल महतो, मनोज महतो, रघुनाथ साहू, रतन महतो, विजय हेब्रोन, रोहित राज आदि उपस्थित थे।

## पंचायती राज के विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा




**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यत: पंचायत स्तरीय विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें पंचायत में होने वाली शक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें जिला परिषद, पंचायत समिति और पंचायत में कितनी शक्तियां है आदि शामिल है। इसके साथ 24 अप्रैल को ही क्यों पंचायत दिवस मनाया जाता है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। पंचायत दिवस पर प्रखंड कार्यालय में हुए कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा, उपप्रमुख विजय कुमार ओझा, सांसद प्रतिनिधि मनसु बेदिया, विधायक प्रतिनिधि मानिक पटेल और पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन महतो, तिजो बाला देवी, संध्या देवी, सोमाय मांझी, बालगोविद महतो, मानो देवी और अन्य मौजूद थे ।

## जगेश्वर ने पहलगाम आतंकी हमले पर जल्द कार्रवाई की मांग की



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में इस्लामिक आतंकी द्वारा हिंदुओं पर हुए हमले पर गहरा दु:ख और आक्रोश व्यक्त किया है। जगेश्वर प्रजापति ने इस्लामिक आतंकी द्वारा निर्दोष 28 हिंदू पर्यटकों का हुए मौत मामले को पूरी तरह से अमानवीय और निंदनीय बताया हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस हमले से अत्यंत दुखी और क्षुब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। पूरा देश इस मुश्किल घड़ी में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकी हमले का जल्द से जल्द जवाब देने की मांग की है।

## सफाई कर्मी से उचक्के उड़ा ले गये एक लाख रुपये

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र नेहरू रोड से बाइक सवार दो उचक्कों ने एक महिला से रुपया से भरा झोला छीनकर फरार हो गये। जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक उचक्के तेज रफ्तार से भाग चुके थे। जानकारी के अनुसार छावनी अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मी जमनी देवी पति स्व मुन्ना राम अपने पुत्र के साथ गुरुवार को मेन रोड स्थित एसबीआई बैंक पैसे निकासी के लिए गये थी। पैसे की निकासी करने के बाद अपने झोले में रखकर अपने बेटे के साथ पैदल नेहरू रोड के लिए निकली। जैसे ही नेहरू रोड पहुंची तो बाइक सवार दो उचक्के उनके पास पहुंचे और रुपए से भरा झोला लेकर फरार हो गये। हालांकि इस दौरान उनके पुत्र कुछ दूर पीछा करने का प्रयास भी किया, लेकिन उचक्के के भाग चुके थे। घटना की सूचना रामगढ़ पुलिस को दी गयी सूचना पाकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी। जमनी देवी ने बताया कि अपने भागना की शादी के लिए खरीदारी करने के लिए पैसे की निकासी की थी।

## जामा मस्जिद कुजू में आतंकी हमले की हुई निंदा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये 28 हिंदू पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए अंजुमन जामा मस्जिद, कुजू में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मस्जिद के सदर अब्दुल कलाम, सिद्दीकी वेल्फेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज आलम और सेक्रेटरी अब्दुल अजीज ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए 28 हिंदू लोगों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें और उनके परिवारजनों को इस कठिन समय में साहस और धैर्य प्रदान करें। हम सब उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस दु:ख के घड़ी में हम सभी हिंदुस्तानियों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है। उन्होंने पाकिस्तान के नापाक इरादे को नाकामयाब और पाकिस्तान को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए भारत सरकार से मांग किया है। समाज के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर दुआ की। मौके पर जमाल सिद्दीकी, राजू रहमान, एकबाल खान, मो फिरोज, लाल मोहमद, मो रियाज, मो मुस्ताक, मो इस्लाम, मो असलम, मो शहादत, मो नौशाद, मो हुसैन, मो युनूस, मो अरशद समेत मुस्लिम समाज के लोग शामिल रहे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** हर गांव में योजना लागू हो और ग्रामीणों को इसकी सुविधा मिले, पंचायती राज का यही उद्देश्य है। यह बातें गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डीडीसी रोबिन टोप्पो ने कही। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पंचायती राज विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो का पौधा देकर स्वागत किया गया। डीडीसी रोबिन टोप्पो द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी।

### एसपी ने ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों और जवानों को जरूरत का सामान दिया

# गर्मी में लोग झल्लायेंगे, पर ट्रैफिक जवान संयम बनाये रखें: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** बढ़ती गर्मी के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ने वाली है। लेकिन ऐसे माहौल में भी पुलिस सड़क पर मुस्तैदी से डटी है। एसपी अजय कुमार ने गर्मी के इस मौसम में ट्रैफिक जवानों को कूल रखने के लिए बड़ा अनोखा तरीका निकाला है। उन्होंने ट्रैफिक जवानों को टोपी, छाता, गमछा और गॉगल्स उपलब्ध कराया, ताकि वे भरी दोपहर में भी कूल रहे और संयम ना खोए। गुरुवार को कोर्ट मोड़ के पास एसपी अजय कुमार खुद पहुंचे और ट्रैफिक जवानों से मिले। उन्होंने कहा कि जिस तरह मौसम का पारा चढ़ रहा है, धूप में आम नागरिकों में भी झल्लाहट हो सकती है। क्योंकि पुलिस हेलमेट और वाहनों के जांच के नाम पर उन्हें रोकेगी। नागरिक चिल्ला सकते हैं और हंगामा भी मचा सकते हैं। लेकिन किसी भी जवान को नागरिकों के साथ बदसलूकी नहीं करनी है। जवान तभी संयमित रह पायेंगे, जब वह इस गर्मी में खुद को बचा पायेंगे।

**पुलिस से बदसलूकी करने वालों पर होगी कार्रवाई :** एसपी अजय कुमार ने ट्रैफिक जवानों को बताया कि आप संयम में रहकर कार्रवाई करें। अगर इस दौरान किसी भी व्यक्ति के द्वारा आपके साथ बदसलूकी की जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जरूर होगी। सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ित को अविलंब प्राथमिक उपचार हेतु नजदिकी अस्पताल में पहुंचाये, आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें, बुढ़े, बुजुर्ग, बच्चों और असहाय व्यक्ति जिनको किसी भी प्रकार की समस्या हो उनकी हर संभव सहयोग करने का प्रयास करें।

**हेलमेट और दस्तावेजों के साथ निकालें गाड़ी :** एसपी ने रामगढ़ की जनता से अपील कर कहा है कि वह हेलमेट और दस्तावेजों के साथ ही गाड़ी निकालें। वाहन चलाते समय हेलमेट, ड्राईविंग लाईसेंस, ऑनर बुक, सीट बेल्ट आदि यातायात नियमों का दृढ़तापूर्वक पालन करें अभिभावक अपने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमती ना दें। सोशल मीडिया पर स्टंट वीडियो की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर युवाओं में बाईक से स्टंट करने का क्रेज काफी बढ़ता जा रहा है, जो सड़क दुर्घटना का कारण बन रहा है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे, सब इंस्पेक्टर सतीश तिर्की, दिनेश कुमार, एएसआई शंकर कुमार, उपेंद्र मेहता, दुर्गा उरांव, तिलेश्वर मुर्मू, भूतनाथ सिंह मुंडा सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों की बैठक

# व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत है चैंबर: मंजीत साहनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** चैंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव के बाद कार्यकारिणी की पहली बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। इस दौरान चैंबर अध्यक्ष मंजीत साहनी ने व्यापारियों के मुद्दों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की जनहित समस्याओं को दूर करने के लिए चैंबर लगातार प्रयासरत रहेगा। इस मौके पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल, राजू चतुर्वेदी, विनय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए अलग अलग क्षेत्रों में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों को सक्रिय रखने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**कर्तव्यों के प्रति सजग रहे व्यापारी :** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मंजीत सहानी ने ज़िले के सभी व्यापारियों से कहा कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहे। वहीं पूर्व अध्यक्षों ने वर्तमान कार्यकारिणी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए उम्मीद जताया कि वर्तमान कार्यकाल व्यापारियों के लिए हित में बेहतर साबित होगा। अंत में पहलगाम में मारे गये लोगों के प्रति एक मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजली अर्पित की गयी।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में उपाध्यक्ष अमरेश गणक, सचिव मनोज चतुर्वेदी, सह सचिव इंद्रपाल सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष दिनेश पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य सीपी संतन, विनय कुमार सिंह, अरुण बगड़िया, उमेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अभिजीत कुमार, निलेश कुमार गुप्ता, नरेंन्द्र सिंह, रविंदर साहू, विधान सिंह, मुरारीलाल अग्रवाल, बाल किशन जलान, महेश अग्रवाल, राहुल जैन शामिल थे।

## स्वच्छता को लेकर छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कनोदी में गुरुवार को स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता रैली सह प्रभातफेरी निकाली गयी। रैली मध्य विद्यालय से पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस उसी विद्यालय पर पहुंची। इसमें छात्र-छात्रों ने आओ एक कदम बढ़ाएं- भारत को स्वच्छ बनाएं, स्वच्छता का करें पालन- स्वच्छ हो हर घर आंगन, जन जन ने यह ठाना है-गंदगी दूर भगाना है, लोटा बोतल बंद करो- शौचालय का प्रबंध करो, शौचालय का करो प्रयोग-गांव में न हो कोई रोग, अब सब को जगाना है-घर में शौचालय बनाना है, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक कर रहें थे। प्रधानाध्यापक ने आम जनता को स्वच्छता के महत्व का संदेश देते हुए लोगों से अपील किया कि केंद्र सरकार की योजना एक कदम स्वच्छता की ओर को ध्यान में रखते हुए अपने आसपास के क्षेत्र को खुले में शौचमुक्त कर अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाएं। जिससे विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्ति मिल सके। सहायक शिक्षक संकेत कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ समाज से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। इस दौरान प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, सहायक शिक्षक रंजीत कुमार, संजय कुमार साहू आदि सैकड़ों बच्चें उपस्थित थे।

# पतरातू में पहलगाम हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** रेलवे कॉलोनी पतरातू लोको मार्केट चौक पर राष्ट्रभक्ति ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में कश्मीर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा आयोजित की गयी। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा इसके उपरांत लोगों ने मोमबत्ती जलाकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार ने आतंकवादियों के इस कृत्य को मानवता का दुश्मन और पाकिस्तान को आतंकवादियों का संरक्षक बताया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि अब वक्त आ गया है कि निर्दोष लोगों के हत्यारे को उनके देश में घुसकर इजरायल की तरह जड़ से समाप्त कर देने का अभियान चलाया जाये। इसके लिए पूरा देश आपके साथ एक मत से खड़ा है। मोर्चा के उपाध्यक्ष ललन ठाकुर और संजय रवानी ने कहा कि लोग कहते हैं कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, परंतु धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों की हत्या यह बताती है की धार्मिक कट्टरता आज इंसानियत को शर्मसार कर रही है। मौके पर रामकुमार, आरके मंडल, राजेंद्र गिरी केरला, संजय यादव, उमेश यादव, तारकेश्वर ठाकुर, श्याम सुंदर पासवान, सुशील कुजूर, सुरेंद्र प्रसाद, तेज सिंह, नागेंद्र, सहजनाथ महतो, प्रीतम कुमार, राकेश कुमार, सोनू कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

### डीसी ने आधारभूत संरचनाओं और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर की समीक्षा

# ब्लास्टिंग के दौरान आम जनों की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान: चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**ससमय मामलों का निष्पादन करने का निर्देश**

डीसी ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**रामगढ़।** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं, संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

**लंबित मामलों का जल्द से जल्द करें निष्पादन:** बैठक के दौरान डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

**ब्लास्टिंग के दौरान आम जनों की सुरक्षा कर रखें विशेष ध्यान:** समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी में अवैध मेनन को चिन्हित कर उन्हें बंद करने के दौरान ब्लास्टिंग के क्रम में आम जनों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव सतीश कुमार, रोजगार सेवक संतोष कुमार यादव, पीएसएस विनय कुमार, भीएलइ राहुल कुमार, जलसहिया दीदी, स्वास्थ सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका दीदी, कृषक मित्र, पंचायत भर के अनेक ग्रामीण शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप ग्राम सभा को सशक्त और क्रियाशील बनाने, प्लास्टिक/थमोकील के बने उत्पाद को उपयोग नहीं करने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संचयन करने की अपील की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के राष्ट्र संबोधन को भी लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से दिखाएं और सुनाया गया। कार्यक्रम के अंत मे पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गयी और 10 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दिया गया।

## जिंदगी और मौत से जूझ रहे पत्रकार के परिजनों को है फरिश्ते का इंतजार



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतरिया गांव निवासी और हंटरगंज संवाददाता रहे विजय कुमार सिंह इन दिनों ज़िंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। इनका एक किडनी खराब हो गया है जबकि दूसरा किडनी मात्र 20प्रतिशत काम कर रहा है, ऐसे में इन्हें एक फरिश्ते की आवश्यकता है, जो इन्हें किडनी प्रदान कर सके विजय की दोनों किडनी खराब हो जाने से परिजनों के ऊपर मानो दुखों का पहाड़ टूट गया है। परिजनों ने हैदराबाद किमस (कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) हॉस्पिटल में रखकर इलाज करवा रहे हैं लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। चिकित्सकों ने जान बचाने के लिए किडनी ट्रांसप्लांट की बात कही। परिजन किडनी देने को तैयार हैं। बावजूद परिवार का तमाम सदस्यों का किडनी मैच नहीं कर रही हैं। परिजनों ने लोगों से सहयोग की अपील की है। सहयोग देने वाले 9142652950 पर संपर्क कर सकते हैं।

## स्वास्थ्य शिविर सह पेयजल और ओआरएस पाउडर वितरण शिविर का आयोजन




**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर सह पेयजल और ओआरएस पाउडर वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव द्वारा श्रमिक मजदूरों के बीच पेयजल और ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वेद प्रकाश और कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वेद प्रकाश द्वारा मजदूरों को लू और डिहाइड्रेशन से बचने की जानकारी दी गयी। वहीं विभिन्न बीमारियों के लक्षण और उसके बचाव के बारे में भी बताया गया। सभी इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सीएम हेमंत, उनकी पत्नी कल्पना और डीजीपी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला हुआ गिरफ्तार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बंजारी मंदिर के समीप संस्कार कॉलोनी में रहने वाला युवक सुमन सौरभ संस्कारहीन निकला। उसने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन और डीजीपी अनुराग गुप्ता पर सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी की है। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ, पुलिस भी हरकत में आयी। रामगढ़ से लेकर रांची तक पुलिस उसे तलाशने लगी। पुलिस को जैसे ही भनक लगी की सुमन सौरभ रांची के मोराबादी इलाके में घूम रहा है, वहां की पुलिस की टीम ने उसे दबोच लिया। रांची की टीम ने उसे युवक को रामगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया है। रामगढ़ थाना पुलिस ने उसे जेल भेजने की तैयारी कर ली है। सुमन सौरभ का इंस्टाग्राम पर पृथ्वी सिंह के नाम से अकाउंट है। पुलिस ने जब उसके अकाउंट को खंगाला तो हैरतअंगेज करने वाले वीडियो सामने आये। देश का ऐसा कोई राजनेता नहीं बचा था, जिसे उसने गाली नहीं दी थी। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री पर भी उसने आपत्तिजनक पोस्ट डाला है। उसने हर टॉपिक पर जहां राजनेताओं से सवाल किए, वहीं उन्हें अश्लील गालियां भी दी है। यहां तक कि उसने देश की सेना को भी नहीं बख्शा।

**AFFIDAVIT**



I, SAMAR SARTHAK MUNDA, S/o Sunil Munda Resident of VIII- Ladhup, P.O.- Senha, Latehar, Jharkhand-829203. That in the Aadhar Card my name bears as Sarthak Munda and date of Birth as 5/7/2008, which is incorrect. That by mistake my name and date of birth has been mentioned as Sarthak Munda and 5/7/2008 instead of SAMAR SARTHAK MUNDA and 5/8/2010 in the Birth certificate which is absolutely correct. That my correct name is SAMAR SARTHAK MUNDA and Correct date of birth is 5/8/2010. Vide affidavit sl.no.595, dated- 21 april 2025.

**सार्वजनिक सूचना**
**शाखा कार्यालय स्थानांतरण**

बजाज फाइनेंस लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, मुंबई–पुणे रोड, आकुर्डी, पुणे 411035 और चौथा तल, कॉर्पोरेट कार्यालय, बजाज फिनसर्व कॉरपोरेट ऑफिस, पुणे – अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे – 411014 महाराष्ट्र, दूरभाष 020 3040 5060 अपने ग्राहकों और संबंधित व्यक्तिओं को सूचित करता है कि रांची कार्यालय जो अर्थ हाइट्स छठवीं मंजिल, नॉर्थ ऑफिस पारा रिलायंस ट्रेंड्स ए.जी. मोर के ऊपर, डोरंडा रांची–834002 पी.ओ. डोरंडा जिला, रांची झारखंड, में स्थित है, जो कि दिनांक 3 अगस्त 2025 से स्थानांतरित हो जाएगा और इस कार्यालय की सभी सेवाएं नए कार्यालय बजाज फाइनेंस लिमिटेड, तीसरा फ्लोर, इस्टेट प्लाजा, ऑफिस नंबर 301, कांटाटोली चौक, पुराना एच बी रोड, मंगल टावर के पीछे, रांची झारखंड 834001, पर उपलब्ध होगी । सभी ग्राहकों और संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे उक्त पते में परिवर्तन पर ध्यान दें तथा शाखा का नया पता दर्ज करें और नियत तिथी के पश्चात समस्त सेवाओं के लिये कार्यालय बजाज फाइनेंस लिमिटेड, तीसरा फ्लोर, इस्टेट प्लाजा, ऑफिस नंबर 301,कांटाटोली चौक, पुराना एच बी रोड, मंगल टावर के पीछे, रांची झारखंड 834001, में हमारे कार्यालय से संपर्क करने की कृपा करें । द्वारा :– बजाज फाइनेंस लिमिटेड, चौथा तल, बजाज फिनसर्व कॉर्पोरेट कार्यालय, पुणे– अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे– 411014 महाराष्ट्र, दूरभाष क्रं. – 020 30405060, दिनांक–25 अप्रैल 2025.

# नरसंहार का 'घाव'

एक नव-विवाहित दुल्हन की तस्वीर, जिसके हाथ में पारंपरिक चूड़ा या चूड़ियां अभी भी हैं, अपने मृत पति के बगल में बैठी है। पहलगाम में उन क्रूर लोगों द्वारा किये गये नरसंहार की एक स्थायी छवि बनी रहेगी, जिन्होंने मानवता को शर्मसार कर दिया है। यह पाकिस्तानी सेना द्वारा समर्थित पाकिस्तानी आतंकवादियों का काम था, इसमें कोई संदेह नहीं है। कोई भी कश्मीरी मुसलमान, भले ही वह आतंकवादी ही क्यों न हो, विशेष रूप से उन पर्यटकों को निशाना नहीं बना सकता था, जो पिछले आधे दर्जन वर्षों से कश्मीर की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान दे रहे थे। आंकड़े स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि इस साल पर्यटन सीजन की शुरुआत और भी बेहतर हुई है और आने वाले गर्मियों के महीनों में यह सभी रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि जबकि पहले हमले तीर्थयात्रियों और प्रवासी मजदूरों पर हुए थे, इस बार विशेष रूप से पर्यटकों को निशाना बनाया गया था। जाहिर है कि पर्यटकों पर हमला, जिसमें केवल पुरुषों को धार्मिक आधार पर निशाना बनाया गया था, जबकि महिलाओं और बच्चों को छोड़ दिया गया था, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस की यात्रा के दौरान अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से किया गया था। उल्लेखनीय है कि कश्मीर में इससे पहले भी छत्तीसिंहपुरा में रहने वाले सिखों का नरसंहार हुआ था, जो वर्ष 2000 में तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की यात्रा के दौरान हुआ था। हमारे खुफिया और सुरक्षा बलों को उप-राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान सतर्कता बढ़ा देनी चाहिए थी। हालांकि, इस तरह के हमले के लिए लंबे समय से योजना बनाने की आवश्यकता होती है और निश्चित रूप से पाकिस्तानी सेना की सक्रिय भागीदारी के बिना यह संभव नहीं हो सकता था। नरसंहार स्थल से गोले और अन्य गोला-बारूद की बरामदगी ने पाकिस्तानी सेना प्रतिष्ठान की भागीदारी और समर्थन के बारे में कोई संदेह नहीं छोड़ा है। यह हमला किसी और के नहीं, बल्कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भड़काऊ बयानों के बाद हुआ है, जिन्होंने 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया था। पाकिस्तान द्वारा कश्मीर को दिये जाने वाले महत्व और देश की सामूहिक मानसिकता में कश्मीर के प्रति जुनून को उजागर करते हुए उन्होंने कहा था, यह हमारी गले की नस थी,यह हमारी गले की नस है, हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को भारतीय कब्जे के खिलाफ उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम के पास पर्यटकों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। सुरक्षा बलों पर पथराव की घटनाएं, जो लगभग दैनिक आधार पर रिपोर्ट की जाती थीं और हड़ताल करने के लगातार आह्वान ने विकास कार्यों में तेजी लाने और शैक्षणिक संस्थानों को खोलने, व्यापारिक गतिविधियों को बहाल करने और पर्यटकों की वापसी जैसे सामान्य स्थिति की वापसी के लिए जगह दी थी। पाकिस्तान की सत्ता के लिए शायद यह बहुत ज्यादा था। इसके अलावा, उस देश में विद्रोही गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है। हालांकि इस तरह का हमला लंबे समय के बाद हुआ है, लेकिन यह कोई खतरे की घंटी नहीं है, बल्कि यह इस बात की पुष्टि है कि पाकिस्तान भारत को हजार देने की कोशिश करता रहेगा, जैसा कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने कहा था और जिसे अब भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सेना द्वारा अपनाया जाने वाला सैन्य सिद्धांत माना जाता है।


**यह हमला किसी और के नहीं, बल्कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भड़काऊ बयानों के बाद हुआ है, जिन्होंने 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इतिहास गवाह है कि भारतीय सिनेमा कभी भी पुनर्रचना करने से पीछे नहीं हटा है - मूक रीलों से लेकर कंप्यूटर ग्राफिक्स-संचालित महाकाव्यों तक। जैसे-जैसे उद्योग एल्गोरिदम और अवतारों के साथ प्रयोग कर रहा है, उसे अंततः पता चल रहा है कि कहानी तब सबसे अच्छी तरह पेश की जाती है, जब तकनीक रचनात्मकता की सेवा करती है और इसे प्रतिस्थापित नहीं करती है।**

# तकनीक बनाम परंपरा: भारतीय सिनेमा में इमर्सिव क्रांति

अतानु घोष



1930 के दशक से पहले, भारतीय फिल्म अभिनेता शूटिंग के दौरान गीत 'लाइव' गाते थे, उनके साथ संगीतकार तबला, सितार, अकॉर्डियन और अन्य वाद्य यंत्र बजाते थे, जो ट्रॉली पर रखे होते थे। उन्नत ध्वनि-रिकॉर्डिंग तकनीक के आगमन के साथ इस बोझिल प्रक्रिया में बदलाव आया। 1935 में, कलकत्ता के न्यू थियेटर्स के मुकुल बोस ने फिल्म 'भाग्य चक्र' में पार्श्व गायन की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने गीत को अलग से रिकॉर्ड किया और शूटिंग के दौरान अभिनेता से गीत के अनुरूप होंठ हिलाने (लिप-सिंक) के लिए कहा। तीन साल बाद, 1938 में केएल सहगल को 'स्ट्रीट सिंगर' के प्रतिष्ठित गीत 'बाबुल मोरा' के लिए प्लेबैक तकनीक का उपयोग करने के लिए चुना गया था। नयी तकनीक के प्रति अपने विरोध के कारण, केएल सहगल ने स्ट्रीट सिंगर के फिल्मांकन के दौरान बाबुल मोरा को लाइव गाने पर जोर दिया, जिससे निर्देशक फणी मजूमदार को प्री-रिकॉर्डिंग नहीं करने पर मजबूर होना पड़ा। बाकी सब इतिहास है, क्योंकि सहगल द्वारा हारमोनियम बजाते हुए सड़कों पर 'बाबुल मोरा' गाने का अविस्मरणीय लाइव प्रदर्शन अत्यधिक लोकप्रिय हो गया।

यह किस्सा एक व्यापक सत्य को दर्शाता हैः पूरे इतिहास में, कलाकारों ने अक्सर नयी तकनीकों के आगमन से जूझते हुए उन्हें संदेह, भय या प्रतिरोध के साथ देखा है। तनाव, न केवल अप्रचलित होने के डर से, बल्कि शिल्प और कलात्मक पहचान के गहरे संबंध से भी पैदा होता है। अपने सौ तीस साल के इतिहास में, सिनेमा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी और एक्सटेंडेड रियलिटी जैसे क्षेत्रों में तेजी से प्रगति के साथ एक और तकनीकी क्रांति के लिए तैयार है। इस तकनीक का उपयोग कहानी कहने के तरीकों को बदल सकता है और फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में बदलाव ला सकता है। दिलचस्प बात यह है कि प्रमुख फिल्म निर्माण कंपनियां और स्वतंत्र फिल्म निमार्ता दोनों ही इसकी समय दक्षता, लागत प्रभावशीलता और बेहतर परिणामों से लाभ उठा सकते हैं। और यहीं पर वेव्स (विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) अकादमिक विशेषज्ञों और उद्योग के पेशेवरों की सक्रिय भागीदारी के साथ स्थापित फिल्म निर्माण कर्मियों और उभरती प्रतिभाओं दोनों का मार्गदर्शन और समर्थन करना चाहता है। वेव्स का उद्देश्य रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के बीच की खाई को पाटना तथा नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है। यह ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल विकास के लिए एक मंच प्रदान करता है। उम्मीद है कि यह प्रतिभागियों को मनोरंजन उद्योग की उभरती मांगों के अनुरूप सशक्त बनायेगा।

**अब, स्वतंत्र फिल्म निर्माता एआइ-संचालित उपकरणों के साथ उच्च-गुणवत्ता वाले कंटेंट बना सकते हैं।**

पिछले कुछ दशकों में कंप्यूटर द्वारा बनायी गयी इमेजरी और विजुअल इफेक्ट के क्षेत्र सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं, जहां तकनीक ने भारतीय सिनेमा में क्रांति ला दी है। पारंपरिक विजुअल इफेक्ट में अधिक समय लगता था और कलाकारों की टीमों को कई दिनों तक काम करना पड़ता था। प्रोग्रामिंग एल्गोरिदम अब मशीन लर्निंग का उपयोग करके इस प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्सों को स्वचालित बना सकते हैं, ताकि गतिविधि की निगरानी की जा सके, यथार्थवादी प्रारूप पैदा किया जा सके या बेहतरीन सटीकता के साथ प्रकाश व्यवस्था का अनुकरण किया जा सके। आइए दो विशिष्ट उपयोगों पर नजर डालें। मान लीजिए कि एक बड़ा स्टेडियम है और हमें इसे वास्तविक दर्शकों से भरने के लिए बड़े पैमाने पर बजट और संसाधनों की आवश्यकता होगी। ग्राफिक्स के साथ भीड़ का अनुकरण आसानी से किया जा सकता है। इसी तरह, हम किसी अभिनेता की उम्र बढ़ाने या घटाने के लिए मेकअप के दागों को सावधानीपूर्वक ठीक कर सकते हैं। परिणाम प्रभावशाली होते हैं, क्योंकि ग्राफि क्स लाइव-एक्शन फुटेज में सहजता से घुलमिल जाते हैं। इस तरह की संभावना, पौराणिक दुनिया, काल्पनिक जीव और महामानवीय एक्शन दृश्य-श्रृंखला बनाने में अमूल्य साबित हो सकती है। अब, यदि हम नवीनतम तकनीक का उपयोग करके निकट भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करें, तो हम वर्चुअल प्रोडक्शन की उम्मीद कर सकते हैं। यह एक ऐसी तकनीक है, जो शूटिंग शुरू होने से पहले वातावरण को संयोजित करने के लिए एआइ के साथ रियल-टाइम रेंडरिंग इंजन को जोड़ती है। प्री-प्रोडक्शन के दौरान समय और पैसे की बचत के लिए इस दृष्टिकोण को अपनाने से फिल्म निमार्ताओं को बहुत लाभ हो सकता है। इसके अलावा, एआइ-संचालित विजुअलाइजेशन टूल फिल्म निर्माताओं और सिनेमेटोग्राफरों को दृश्यों को ब्लॉक करने, कैमरा गतिविधि की योजना बनाने और एक भी फ्रेम शूट होने से पहले जटिल दृश्यों की परिकल्पना करने में मदद कर सकते हैं। यह उन फिल्मों में विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है, जहां एक्शन एक बड़ी पृष्ठभूमि में होता है और जहां ग्राफिक्स और लाइव प्रदर्शन के बीच सहज तालमेल की आवश्यकता होती है।

पोस्ट-प्रोडक्शन, फिल्म निर्माण के सबसे अधिक श्रमसाध्य चरणों में से एक है। एआइ, रंग श्रेणीकरण, दृश्यों के बीच सुर/लहजा मिलान और यहां तक कि दृश्य से अवांछित तत्वों को हटाने की प्रक्रिया को तेज कर सकता है - ऐसे कार्य जिनके लिए पहले लंबे समय तक हाथ से काम करना पड़ता था। ध्वनि प्रौद्योगिकी में, वॉयस क्लोनिंग, लिप-सिंक सुधार और कई भाषाओं में डबिंग ऐसे अन्य क्षेत्र हैं, जहां एआइ महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है। यह भारत के बहुभाषी इकोसिस्टम में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। आने वाले वर्षों में यह देखना दिलचस्प होगा कि इसमें से कितना कुछ साकार हो पाता है।

भारतीय सिनेमा अभी भी कंटेंट निर्माण में एआइ प्रयोग के शुरुआती चरण में है, लेकिन पटकथा लेखक पहले से ही इसके प्रति उत्सुक हो रहे हैं। एआइ उपकरण हजारों पटकथाओं, शैलियों और दर्शकों की प्राथमिकताओं का विश्लेषण करके कथानक बिंदु, किरदार के आयाम और संवाद विविधताओं का सुझाव दे सकते हैं। यह रचनात्मक व्यक्ति की जगह नहीं लेता है, बल्कि रचना का विस्तार करता है, ऐसी अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जो कथाओं को अधिक आकर्षक बना सकती है या सांस्कृतिक रूप से प्रतिध्वनित कर सकती है। उदाहरण के लिए एक जटिल ऐतिहासिक महाकाव्य विकसित करने वाला एक फिल्म निर्माता कुछ ही सेकंड में उस अवधि के विवरण और बोलियों पर शोध करने के लिए एआइ का उपयोग कर सकता है। एआइ और इमर्सिव तकनीक के सबसे गहरे प्रभावों में से एक है, लोकतंत्रीकरण। अब, स्वतंत्र फिल्म निर्माता एआइ-संचालित उपकरणों के साथ उच्च-गुणवत्ता वाले कंटेंट बना सकते हैं। क्लाउड-आधारित संपादन सूट और ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर उपयोगकर्ताओं को बहुत अधिक पैसा खर्च किये बिना वीएफएक्स, एनीमेशन और साउंड डिजाइन के साथ प्रयोग करने की सुविधा देते हैं। एआई सिनेमेटोग्राफरों को प्रत्येक दृश्य में वांछित प्रभाव प्राप्त करने के लिए सबसे कुशल कैमरा कोण और प्रकाश परिदृश्यों की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है। इसका उपयोग करके, संपादक घंटों के फुटेज को स्कैन कर सकते हैं और नोट्स और विश्लेषण पेश कर सकते हैं। फिर संपादक अंतिम कट में शामिल करने के लिए सबसे अच्छे शॉट्स चुन सकता है, जिससे समय की बचत होती है और दक्षता बढ़ती है। पुरानी भारतीय फिल्मों के पुनर्निर्माण का बहुत अधिक कार्य चल रहा है और एआइ इसमें एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। खराब हो चुकी मूल फिल्म रीलों का डिजिटल पुनर्निर्माण, इन खराब हो चुकी फोटोकैमिकल फिल्मों की नकल; गंदगी, खरोंच और झिलमिलाहट को कम करना, साथ ही साथ तस्वीर की गुणवत्ता को भी बढ़ाना, क्योंकि फुटेज मूल है। भारत में बहुत सी भाषाएं बोली जाती हैं और उनमें फि ल्में बनायी जाती हैं। भाषा प्रसंस्करण में सुधार करके कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) शीर्षक बनाने, डबिंग करने और व्यापक स्तर पर दर्शकों के लिए फिल्म के अनुवाद को सुविधाजनक बनाने में मदद कर सकता है।

हालांकि एआइ के बहुत लाभ हैं, लेकिन सिनेमा में एआइ का उपयोग कई नैतिक चिंताओं को जन्म देता है। यदि इसका दुरुपयोग किया जाता है, तो डीपफेक तकनीक गलत सूचना या सहमति उल्लंघन का कारण बन सकती है। कलात्मक प्रामाणिकता का भी सवाल हैः हम मानवीय रचनात्मकता और मशीन सहायता के बीच रेखा कहां खींचेंगे? फिल्म निर्माण में एआइ तकनीकों का कार्यान्वयन भी महंगा हो सकता है। हो सकता है कि कई फिल्म निर्माता ऐसे निवेश के लिए सक्षम नहीं हों। इसके अलावा, किसी भी अन्य तकनीक की तरह, निर्भरता का जोखिम हमेशा मौजूद होता है। प्रोडक्शन में कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल करके, फिल्म निमार्ताओं को तकनीक पर अत्यधिक निर्भर होने का जोखिम है। यह जरूरी है कि एआइ को डेटा की आवश्यकता हो, और उस डेटा को संग्रह और तैयार करने की भी आवश्यकता हो। डेटा गोपनीयता के बारे में चिंताएं पहले से ही अन्य उद्योगों में एक प्रमुख मुद्दा बन गयी हैं, लेकिन चेहरे की पहचान और बायोमेट्रिक्स का उपयोग इस चिंता को और भी बढ़ा देता है। जैसे-जैसे एआइ प्रणालियां विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से उपयोग की जा रही है, वे हैकर्स और साइबर अपराधियों के लिए आकर्षक लक्ष्य बन रही हैं। एआइ प्रणाली में उपयोग किये जाने वाले एल्गोरिदम पूर्वाग्रह से ग्रसित हो सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप लोगों के विभिन्न समूहों का रूढ़ प्रारूप (स्टीरियोटाइप) या सीमित प्रतिनिधित्व हो सकता है। ये प्रणालियां, पूर्वनिर्धारित मानदंडों के भीतर अभिनव विचारों को उत्पन्न करने के लिए उत्कृष्ट हैं। हालांकि, उनमें मानवीय रचनात्मकता से जुड़ी तरलता और सहजता का अभाव है। वर्तमान एआइ प्रणाली पैटर्न पहचान में उत्कृष्ट है और बड़ी मात्रा में डेटा को तेजी से संसाधित करती है। हालांकि, उनमें मानवीय समझ, अंतर्ज्ञान और सहानुभूति के स्तर का अभाव है।

तकनीकी चमत्कार के लालच में पड़ना है या नहीं - यही दुविधा बनी हुई है! चूंकि भारतीय फिल्म निर्माता और तकनीशियन एआइ-संचालित इमर्सिव टूल द्वारा संचालित तकनीकी परिवर्तन के मुहाने पर खड़े हैं, जिसमें असीमित रचनात्मकता और दक्षता की संभावना है। इसके फलस्वरूप, दर्शकों की भागीदारी भी बढ़ेगी। लेकिन दूसरी ओर, नौकरी या कलात्मक नियंत्रण खोने, सीखने की कठिन अवस्थाओं से गुजरने और नैतिक चिंताओं का डर है। इतिहास गवाह है कि भारतीय सिनेमा कभी भी पुनर्रचना करने से पीछे नहीं हटा है - मूक रीलों से लेकर कंप्यूटर ग्राफिक्स-संचालित महाकाव्यों तक। जैसे-जैसे उद्योग एल्गोरिदम और अवतारों के साथ प्रयोग कर रहा है, उसे अंततः पता चल रहा है कि कहानी तब सबसे अच्छी तरह पेश की जाती है, जब तकनीक रचनात्मकता की सेवा करती है और इसे प्रतिस्थापित नहीं करती है।

## कोल्हान की खबरें

# झामुमो कार्यालय में आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में जम्मू कश्मीर में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की याद में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित शोकसभा में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, झामुमो के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, वीर सिंह सुरीन, सागेन पूर्ति, अरुण प्रसाद, राजा सिंह, फैयाज खान, फतेह चंद्र टुडू, खुददु उराव, देवजीत मुखर्जी, के के मिश्रा, अवतार सिंह सिद्धू, अंकित सिंह, झरनापाल, सविता सिंह, सविता दास, दुर्गा बोपाई, कृष्ण कामत, संदीप चक्रवर्ती, प्रभात सिंह, बबलू अख्तर, प्रहलाद लोहार एवं गुरमीत सिंह गिल सहित अनेको नेता उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने एक स्वर में इस बर्बर आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की और केंद्र सरकार से देश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की।

## बाघबिंधा पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**गालूडीह (आजाद सिपाही)।** गालूडीह थाना क्षेत्र के बाघबिंधा के पास हाइवे किनारे गुरुवार सुबह करीब दस बजे भारत पेट्रोल पंप के पास अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग ने सैकड़ों पेड़-पौधों को अपनी चपेट में ले लिया. घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन हवा के कारण आग की ऊंची-ऊंची उठती लपटों पर काबू करना कठिन था। उन्होंने तत्काल अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी। सूचना पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची। अग्निशमन वाहन के आने के बाद आग पर काबू पाया गया।

# आजाद सिपाही का असर : बलभद्र गोराई सर्वसम्मति से फिर बने बुरुहातू के ग्राम प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** ईचागढ़ प्रखंड के बुरुहातू गांव में बीते 2006 से ग्राम प्रधान बलभद्र गोराई को पदमुक्त होने का हवाला देते हुए बीते 16 माह से मानदेय पर रोक लगा दी गयी थी। बलभद्र गोराई ने न्याय के लिए लगातार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाते रहे लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। पूरे घटनाक्रम विस्तार से आजाद सिपाही में छपने के बाद अंचल अधिकारी दीपक कुमार ने दूसरे दिन घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्राम सभा करने का निर्देश जारी किया।ग्रामसभा की अध्यक्षता ग्रामीण अशोक गोप ने की व इसमें पंचायत सचिव, मुखिया, वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सभा के दौरान ग्रामीणों से स्वेच्छा से ग्राम प्रधान का चयन करने की अपील की गयी। जिसमें 95% से अधिक ग्रामीणों ने पूर्व ग्राम प्रधान बलभद्र गोराई के पक्ष में अपना समर्थन जताया। इस पर उन्हें विधिवत रूप से पुनः ग्राम प्रधान घोषित किया गया। उधर पूर्व में कुछ बाहरी व्यक्तियों को ग्राम प्रधान की सम्मान राशि दिये जाने को लेकर ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त था। इस मुद्दे पर ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी एवं सीआइ से जबावदेही की मांग की। जवाब में सीओ दीपक प्रसाद ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा भविष्य में ऐसी त्रुटियां नहीं दोहरायी जायेंगी। इस अवसर पर सीओ दीपक प्रसाद ने बलभद्र गोराई को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बधाई दी। मौके पर ईचागढ़ सीआई, पंचायत सचिव, मुखिया, वार्ड सदस्य अभिराम सिंह एवं बुरुहातू गांव के सैकड़ो बुद्धिजीवी ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन फाउंड्री डिवीजन की सीट के लिए 5 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के फाउंड्री डिवीजन में रिक्त हुए एक कमेटी मेंबर के पद के लिए उपचुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन दाखिल की गयी। गुरुवार को नामांकन के दौरान कुल 5 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत की। जांच प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पांचों नामांकन पत्र वैध पाए गये। निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार 25 अप्रैल (शुक्रवार) को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। उधर फाउंड्री डिवीजन में कमेटी मेंबर का यह उपचुनाव यूनियन की लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दी।

# पहलगाम हमला हमारी एकता पर सीधा प्रहार : आनंद बिहारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों की आत्मा के शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा सह कैंडल मार्च का आयोजन किया। गुरुवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की नेतृत में बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय में आयोजीत श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ो कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले पर गहरा शोक एवं कड़ी निंदा व्यक्त की। उन्होंने बताया इस हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गयी और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने कहा यह सुनियोजित हमला हमारे गणराज्य के मूल्यों और एकता पर सीधा प्रहार है। श्री दुबे ने केंद्र सरकार से इस आतंकी घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। साथ ही सुरक्षा तंत्र की खामियों को दूर कर तत्काल प्रभावी कदम उठाने की अपील की। जिला कांग्रेस ने उन वीर स्थानीय लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिन्होंने पर्यटकों की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी। उनका बलिदान भारत की मूल भावना एकता, सेवा और मानवता के प्रतीक है। प्रार्थना सभा के बाद एक मौन जुलूस सह कैंडल मार्च निकाला गया। जो जिला कांग्रेस कार्यालय से बिष्टुपुर सिग्नल चौक तक पहुंचा। वहां सभी कांग्रेसजनों ने आतंकी हमले में मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन रखा। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश महामंत्री बिजय खां, प्रदेश सचिव केके शुक्ल, कमलेश कुमार पांडेय, एलबी सिंह, गोपाल प्रसाद, रामलाल प्रसाद पासवान, शफी अहमद खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, जसवंत सिंह जस्सी, मनोज झा, संजय सिंह आजाद, पप्पू शुक्ला, रंजीत सिंह, इंतिखाब, राजा ओझा, काशीनाथ गिरी, मो. सगीर, रविंद्र शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# आतंकी हमले का विरोध, मझिआंव में हिंदू एकता मंच का कैंडल मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव (गढ़वा)।** मझिआंव में हिंदू एकता मंच के बैनर तले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में एक जनआक्रोश कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग तथा आस-पास के ग्रामीणों ने भाग लिया और आतंकियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना पर गहरा दुख और रोष जताते हुए कार्रवाई करने की मांग सरकार द्वारा की गयी।

बताया गया कि कश्मीर में आतंकी संगठन द्वारा किये गये इस हमले में करीब 26 निर्दोष सैलानियों की बेरहमी से हत्या उनकी मजहब को देखकर एवं पुछकर कर दी गयी, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस निर्मम घटना ने पूरे देश के लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है।

मझिआंव में आयोजित यह कैंडल मार्च स्थानीय बस स्टैंड से आरंभ होकर मेन बाजार, तीनमुहान चौक, बलौक रोड, बकरी बाजार होते हुए नगर पंचायत मुख्य बाजार तक निकाला गया। इस दौरान लोगों ने मोमबत्तियां हाथों में लेकर देश आतंकिस्तान के आतंकवादियों कि मुदार्बाद का नारा लगाते हुए जल्द से जल्द इसका बदला लेने किया अपील किया गयी।

वहीं इस कैंडल मार्च में पुष्परंजन मेहता, विवेक सोनी, मारुति नंदन सोनी, उज्जवल कुमार, मनीष गुप्ता, दीपक माली, सनी चंद्रवंशी, पिंटू चंद्रवंशी, वीरेंद्र कुमार, राहुल कुमार गुप्ता, ऋषि पांडे, प्रेम पांडे, चंदन सिंह, नीरज कमलापुरी सहित लगभग सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दोषियों को कड़ी सजा दी जाये : भानु

**पूर्व विधायक भानु ने पहलगाम में हुए नरसंहार पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता


शोकसभा में शामिल पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक।

**भवनाथपुर।** गुरुवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने बीते दिन पहलगाम में हुई 26 हिंदुओं की जघन्य हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। उपस्थित लोगों ने एक मिनट के मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक सभा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यवसायियों और आम नागरिक उपस्थित थे। मौके पर भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि मानवता को भी शर्मसार करने वाली है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग किया कि दोषियों को शीघ्र चिन्हित कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। कहा कि यह आतंकवादी हमला नहीं बल्कि इस्लामिक आतंकवादी घटना है, जिस तरह से धर्म पूछ-पूछ कर तथा कलमा नहीं पढ़ पाने वाले निर्दोष हिंदू भाईयों को आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी, जो जिहाद इस्लामिक आतंकवादी घटना है। कहा कि जिस पुलवामा घटना के बाद जिस तरह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश के सैनिकों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारते हुए तबाही मचाई थी, हमें पूरा विश्वास है, कि इस बार भी हमारी सरकार निर्दोष हिंदुओं की मौत का बदला जरूर लेगी। इस मौके प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, भगत दयानंद यादव, सुरेंद्र गुप्ता, अनूप गुप्ता, पूर्व जिला परिषद सदस्य पूजा गुप्ता, आलोक शर्मा, लल्लू ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का होगा ठहराव


सांसद विष्णु दयाल राम


**मेराल ।** मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का ठहराव पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से शुरू होगा। उक्त आशय की जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सांसद के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप सिंगरौली पटना एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13349/13350 का मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने संबंधी रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बताया गया है कि उक्त एक्सप्रेस का ठहराव यहां कोविड-19 के समय से ही बंद कर दिया गया था। जिसकी ठहराव की मांग गढ़वा जिला की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर सिंगरोली पटना एक्सप्रेस के विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जायेगा। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से और पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। ।

## हज यात्रा पर जानेवाले लोगों को टीका लगाया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला से हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को गुरुवार को पोलियो ड्रॉप, इनफ्लुएंजा तथा मेनिनजाइटिस का टीका लगाया गया। इस अवसर पर जिला हज कमेटी के डॉक्टर मोहम्मद यासीन अंसारी ने कहा कि गुरुवार को मदरसा तब्लीगुल इस्लाम के हॉल में हज यात्रियों को पोलियो ड्राप, इंफ्लूएंजा तथा मेनिनजाइटिस का टीका लगाया गया। यह व्यवस्था झारखंड सरकार हज समिति के द्वारा की गयी है। यह टीका हज यात्रियों को लेना जरूरी है, नहीं तो हज यात्रा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गढ़वा जिला से 19 लोग हजयात्रा पर जा रहे हैं। इस अवसर पर हजयात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी के नेतृत्व में सदर अस्पताल के एएनएम विंदा कुमारी, शारदा दास, एमपी डब्ल्यू डॉ फिरोज खान आदि के द्वारा टीका लगाया गया।

## प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण परीक्षा शुरू



**कांडी (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश पर प्रखंड के बीआरसी जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में गुरुवार को शिक्षकों का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण टीएनए परीक्षा प्रारंभ हुआ। गुरुवार को प्रथम दिन प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत 84 औपचारिक व सहायक अध्यापक परीक्षा में शामिल हुए। यह टीएनए परीक्षा 29 अप्रैल तक होगी, जिसमें प्राथमिक व उच्च प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के शिक्षक भाग लेंगे। यह विशेष परीक्षा मोबाईल व टैब के माध्यम से ऑनलाइन होना है लेकिन पहले दिन नेटवर्क सही नहीं होने के कारण शिक्षक अपने अपने फोन में नेटवर्क तलासते देखे गये, घंटों परेशान रहे। उनका एप खुला ही नहीं। परीक्षा को संपन्न कराने में बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, बीआरपी जय प्रकाश लाल, सीआरपी अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार दुबे, प्रभु राम, मनोहर चौबे, शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी, अभय कुमार दुबे शामिल हैं।12

## चेचरिया में पनशाला का उद्घाटन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** शहर के प्रसिद्ध व्यावसायी राम प्रसाद (जर्दा मर्चेंट) और हृदयानंद कमलापुरी (रूपमहल ड्रेसेज) की ओर से गुरुवार को पिता स्व. रामदेनी साह और माता स्व. यमुना देवी की पुण्य स्मृति में चेचरिया में पनशाला खुला। पनशाला का उद्घाटन एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने राहगीरों को पानी पिलाकर पनशाला की औपचारिक शुरूआत की। इस मौके पर राजा पहाड़ी शिव मंदिर के मुख्य पुजारी रामचंद्र पाठक, झारखंड चेंबर नगर इकाई के संरक्षक रवि प्रकाश, राम प्रसाद डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, अध्यक्ष शंभू सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, सर्वेश्वरी आश्रम के मंत्री हेमंत प्रताप देव, डॉ ओमप्रकाश, पूर्व वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू, मंदीप, महमूद आलम, मिंटू, मिक्की, संतोष, विद्याभास्कर उर्फ छोटू समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने भवनाथपुर बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण

**प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी/कर्मियों के वेतन/ मानदेय भुगतान पर अगले आदेश तक लगी रोक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** सोशल मीडिया पर दिनांक 23 अप्रैल को एक विडियो वायरल हुई थी। जिसमें दिखाया गया कि अपराह्न 12:00 बजे के बाद प्रखण्ड कार्यालय, भवनाथपुर में कोई भी पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित नहीं थे। सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों के कक्ष के दरवाजे भी बंद थे।

प्रथम द्दष्टया वायरल वीडियो के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि प्रखंड कार्यालय, भवनाथपुर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी के कक्ष बंद थे। कोई भी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं दिख रहे थे। हालांकि वीडियो में समय स्पष्ट नहीं हो रहा था फिर भी सरकारी सेवक के कर्त्तव्य एवं आचरण के प्रतिकूल मानते हुए जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त शेखर जमुआर ने प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर को निर्देश दिया कि प्रखंड कार्यालय, भवनाथपुर के अनुपस्थित सभी पदाधिकारी और कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करेंगे। साथ ही इस संबंध में 24 घंटे के अंदर अपना भी स्पष्टीकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे कि क्यों नहीं इस प्रकार की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाये। उपायुक्त ने उक्त कृत्य के लिए प्रखण्ड कार्यालय, भवनाथपुर के सभी पदाधिकारी/कर्मियों के वेतन/ मानदेय भुगतान पर अगले आदेश तक रोक लगाने के निर्देश कोषागार पदाधिकारी को दिया है। साथ ही उन्होंने प्रखंड कर्मियों को निर्देश दिया की वे सभी कार्यालय में ससमय आये तथा अपने कार्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति अवश्य अंकित करें। प्रखंड कार्यालय में आने वाले शिकायतकर्ता की समस्याओं को अवश्य सुने तथा प्राथमिकता के आधार पर उनका निष्पादन करें।

उपायुक्त ने गढ़वा जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी खराब चापानल की मरम्मती करने तथा प्रखंड कार्यालय पंचायत कार्यालय सहित अन्य सभी सरकारी कार्यालय में प्याऊ की व्यवस्था करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिए, साथ ही खराब पड़े चापानल, जलमीनार को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### भाजपा जिला कार्यालय में डॉ अंबेडकर सम्मान कार्यक्रम को लेकर संगोष्ठी

## भाजपा ने दिया हर जाति वर्ग को मान और सम्मान : किसुन दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में डा भीमराव अंबेडकर सम्मान कार्यक्रम को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरीया के पुर्व विधायक किसुन दास ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो हर जाति वर्ग को सम्मान देते आयी है। जबकी कांग्रेस झामुमो राजद जैसे दलों सहित अन्य पार्टियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम पर सिर्फ वोट का राजनीतिक कर जनता को बरगलाने का काम किया है। भारत में संविधान बचाओ का नारा दे कर महागठबंधन के नेताओं ने अपना विकास करने का काम किया है। जबकी भाजपा ने बाबा भीमराव अंबेडकर को हर जगह सम्मान देने का काम किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो अंत्योदय को लेकर काम करती है समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति का विकास ही भारत का विकास है। इसी सोच के साथ भाजपा हर समाज के उत्थान करने में लगी हुई है।

भाजपा जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा ने संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को मानते हुए देश में ऐतिहासिक विकास करने का काम किया है।

पुर्व सांसद घुरण राम ने कहा कि भाजपा ने संविधान की रक्षा करने का काम किया है। दुसरे दलों के लोगों ने दलित समाज को बरगलाने का काम किया है। झामुमो कांग्रेस राजद सहित अन्य दलों का नींव विभाजनकारी रहा है महागठबंधन के नेताओं ने संविधान को अपमानित करने का काम किया है। अभी कुछ दिन पहले झामुमो मंत्री हफीजुल हसन ने संविधान से पहले शरियत मानने की बात कही है जिससे बाबा भीमराव अंबेडकर का खुला अपमान किया है। एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री प्रभात भुंईया ने कहा कि भाजपा ने बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान के आधार पर लगातार काम किया है, लेकिन कांग्रेस झामुमो राजद महागठबंधन के नेताओं ने राजनीति लाभ लेने के लिए बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम पर समाज को तोड़ने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी भाजपा नेता बिनय चौबे, विनोद तिवारी, पतंजलि केशरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुलता कुमारी, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, धनंजय गौड़, जिला परिषद मोहन पासवान, एससी मोर्चा महामंत्री सुरेंद्र राम, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांडी प्रखंड में गहराया पेयजल संकट, लोग परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता


खराब पड़ा चापाकल

**हरिहरपुर।** कांडी प्रखंड के तीन पंचायतों मझिगांवां, हरिहरपुर और डुमरसोता में इन दिनों पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। गर्मी की शुरूआत होते ही इन क्षेत्रों में जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे न केवल सिंचाई कार्य बाधित हुआ है, बल्कि लोगों को पीने के पानी के लिए भी जूझना पड़ रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन पंचायतों में खराब पड़े चापाकलों और जलमीनारों की विस्तृत सूची महीनों पहले ही संबंधित विभाग को भेज दी गयी थी। बावजूद इसके अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका है। मझिगांवां पंचायत में दो दर्जन से अधिक चापाकल और चार जलमीनार, हरिहरपुर में दो दर्जन चापाकल, तथा तीन जलमीनार व डूमरसोता पंचायत में ढाई दर्जन चापाकल और 8 जलमीनार वर्षों से खराब पड़ी हैं और मरम्मत की बाट जोह रही हैं। पंचायत की मुखिया रीता देवी बताती हैं कि उन्होंने विभाग को समय रहते सभी जानकारी दे दी थी, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यही स्थिति हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अनुज सिंह और डुमरसोता के मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा ने भी बतायी। विभाग की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि हर बार फोन करने पर केवल आश्वासन ही मिलता है, समस्या का समाधान नहीं।

इस संबंध में पेयजल और स्वच्छता विभाग के कनिष्ठ अभियंता विवेक कुमार रवि ने बताया कि प्रखंड में एक चापाकल मरम्मति वाहन चलाया गया है, जो सभी पंचायतों में क्रमवार जाकर मरम्मत कार्य करेगा। लेकिन सवाल उठता है कि जब पूरे प्रखंड में कुल सोलह पंचायतें हैं और मरम्मत के लिए महज एक ही वाहन उपलब्ध है, तो यह प्रक्रिया कितनी कारगर होगी? गर्मी अपने चरम पर है और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में यदि समय पर मरम्मत कार्य नहीं हुआ, तो यह संकट और गहराने की आशंका है। विभाग को चाहिए कि वह स्थिति की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र और प्रभावी कदम उठायें, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गड़ाखुर्द पंचायत अंतर्गत दुर्गा चौक बरवाडीह के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल दोनों युवकों की पहचान नारायणपुर गांव निवासी 22 वर्षीय अजीत कुमार और 20 वर्षीय पवन चंद्रवंशी के रूप में की गयी है। दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल मझिआंव में इलाज के लिए भर्ती किया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि एक बच्चे को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

## पुलिस ने अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तिहार

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना कांड संख्या- 213/2023 के फरारी अभियुक्त भानु सिंह खरवार उर्फ ड्राइवर पिता- कबिलास सिंह ग्राम - चुटिया थाना -रंका जिला गढ़वा (झारखंड) के निवासी के घर में रंका थाना पुलिस ने गुरुवार को ढोल बजवाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में इश्तिहार चिपकाया है।

## उपस्वास्थ्य केंद्र केतार में एएनएम ने चिकित्सीय सामग्री पैड और कॉटन की बनवायी रजाई

**केतार (आजाद सिपाही)।** महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला पैड गुरुवार को एएनएम द्वारा मशीन से धुनाई करवा कर रजाई में पैक करने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला सुबह करीब 9 बजे का है। बताते चलें कि उपस्वास्थ केंद्र केतार में एएनएम बबिता कुमारी के द्वारा धुनाई करने वाला मशीन से पैड एवं कॉटन धुनाई कर रजाई में भरवाया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा महिलाओं को कई आवश्यक सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। परंतु एएनएम की मनमानी और विभाग की ढीली रवैया के कारण महिलाओं को उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। महिलाओं को पैड मांगने पर खत्म होने की बात कही जाती है।

## आरके साहू मेमोरियल अस्पताल का उद्घाटन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** टाउनशिप रोड में आरके साहू मेमोरियल अस्पताल का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को अस्पताल का उद्घाटन पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भानु प्रताप शाही ने कहा कि भवनाथपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्धेश्य से अस्पताल खोली गई है, इसके लिए स्व.आरके साहू अस्पताल के संचालक अनूप गुप्ता और उनके पूरे परिवार बधाई के पात्र है। कहा कि इस अस्पताल में कुशल और अनुभवी चिकित्सक होने से मरीजों को ईलाज के लिए गढ़वा, मेदिनीनगर या अन्य जगहों पर नहीं जाना पड़ेगा, यहां मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, डॉ रंजन कुमार दास, डॉ नीतीश भारती, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा, अभिनीत विश्वास, बीटीटी अनुज गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद, भाजपा नेता सुरेंद्र प्रसाद, बैजू गुप्ता, आलोक शर्मा, सीपी यादव, सुनील पटेल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर निकाली गयी प्रभातफेरी



**केतार (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। इस दौरान उमवि मुकुंदपुर सहित अन्य विद्यालयों में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यक विजय कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, देवकुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यशाला का आयोजन




**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रमुख कांति देवी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ देवलाल करमाली प्रमुख कांति देवी, उप प्रमुख अंजली देवी, बीपीएम सुनील कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तेजबहादुर सिंह, बीपीआरओ विकास कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि सत्ता के विकेंद्रीकरण हेतु ग्राम पंचायत को संविधान के 73वें संशोधन में वर्ष 1992 में विधेयक लाया गया था। जिसे 24 अप्रैल 1993 ने लागू किया गया था। इसमें महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाने के लिए 33 से 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था किया गया है। कार्यशाला को बीपीआरो विकास कमार, राजेश मेहता सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**भवनाथपुर।** गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गढ़वा के द्वारा गुरुवार को कैलान पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पंचायत के उपमुखिया सुरेंद्र यादव ने बताया गया कि आज पंचायत को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर शासन की व्यवस्था लोगों के लिए की गयी है, जिससे आप अपने को आगे बढ़ा सकते है। पीएलवी अरविंद तिवारी ने पंचायती राज व्यवस्था भारत में 1959 को लागू हुआ था। मौके पर वृद्धा पेंशन के लिए रामचंद्र यादव उम्र 65 वर्ष कामेश्वर यादव उम्र 60 वर्ष का आवेदन लिया और तत्काल ऑन लाईन हेतु सीएसपी संचालक शंभू साहू को सौंपा। इस मौके पर रीमा देवी, पटिया कुमार, कलावती देवी, कुलदीप यादव, विमलेश यादव, स्वयंसेवक गुड्डू यादव, उपेंद्र यादव, अजीत कुमार साह आदि उपस्थित थे।

## ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल लाना कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य : उप विकास आयुक्त



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/ झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन के संबंध में सभी वार्डन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उप विकास आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा शेष 282 रिक्त सीटों की संख्या एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात 'कोई न छूटे अबकी बार, शिक्षा है सबका अधिकार' स्लोगन के साथ स्कूल रुआर 2025 उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के सभी विद्यालयों (पीएम श्री सहित) से अनामांकित और ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय वापस लाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए स्कूल रूआर, 2025 (बैक टू स्कूल) अभियान दिनांक- 21.04.2025 से 10.05.2025 तक चलाया जा रहा है। उक्त बैठक व कार्यशाला में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला शिक्षा अधीक्षक, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि गढ़वा, मझिआंव तथा भवनाथपुर सहित शिक्षा विभाग के सभी बीईओ, बीआरसी, सीआरपी, बीपीओ, बीपीएम, वार्डन समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगी भाजपा : प्रकाश राम




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी के द्वारा दिया गया विवादित बयान देश और समाज को बांटने वाला बयान है। उन्होंने कहा कि यह बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का अपमान है और भाजपा संविधान व बाबा साहब अंबेडकर के अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। विधायक गुरूवार को लातेहार जिला मुख्यालय में मंत्री हफीजुल अंसारी के द्वारा संविधान को ले कर दिये गये विवादित बयान के विरोध मे आयोजित आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। आगे कहा कि देश की जनता जो राष्ट्रहित मे सोचते हैं वे भी इस बयान को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने भी कहा कि मंत्री हफीजुल के द्वारा दिया गया बयान राष्ट्र विरोधी है। इंडी गठबंधन के मंत्री व नेताओं ने कभी भी संविधान व बाबा साहब का सम्मान नहीं किया है। वरीय भाजपाई राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि सिर्फ हाथों में संविधान ले कर घुमने से कोई संविधान प्रेमी नहीं हो सकता है। इसके लिए दिल में संविधान और राष्ट्र के प्रति जज्बा होना चाहिए।

# लातेहार में जेजेएमपी के तीन उग्रवादियों ने किया सरेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के तीन सक्रिय उग्रवादियों ने गुरुवार को सरकार की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति नयी दिशा से प्रभावित हो कर सरेंडर कर दिया है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में इन उग्रवादियों ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव एवं सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों में तुलसी गंझू उर्फ विशाल जी (50), पलेंद्र भोक्ता उर्फ अजीत (28) और प्रमोद गंझू (31) का नाम शामिल है। पुलिस अधीक्षक व कमाडेंट ने उन्हें समाज की मुख्यधारा पर लौटने पर बुके और शाल भेंट कर स्वागत किया।

एसपी गौरव ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले तीनों उग्रवादियों को सरकार के प्रावधानों के अनुसार सभी लाभ दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि तीनों पूर्व में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सदस्य रह चुके हैं। कहा कि पिछले कई वर्षों से पांच लाख रुपये के इनामी लवलेश गंझू उर्फ लवलेश जी एव दस लाख रुपये के इनामी पप्पू लोहरा के साथ जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में रह कर लातेहार, चंदवा, बालूमाथ और हेरहंज क्षेत्र में सक्रिय और कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं।

कमाडेंट बुनकर ने अन्य उग्रवादी और नक्सलियों से आत्मसमपर्ण करने की अपील की। कहा कि अगर वे आत्मसमपर्ण नहीं करते हैं पुलिस की गोली के शिकार होंगे।

**तीनों उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास**

तुलसी गंझू उर्फ विशाल जी पर हेरहंज, लातेहार, चंदवा, बालुमाथ पर कुल पांच मामले दर्ज हैं। जबकि पलेंद्र गंझू हेरहंज, लातेहार और चंदवा व बालुमाथ थाना क्षेत्र में पांच मामले तथा प्रमोद गंझू पर हेरहंज, लातेहार, चंदवा में एक-एक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में अधिकांश जानलेवा हमला करने, अवैध रूप से एकत्रित हो कर लोगों को जान से मार देने की धमकी देने, लेवी वसूलन और कैंप लगा कर हथियार जमा करने का आरोप है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ युवाओं को आगे आने की जरूरत : चंपाई सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नगर भवन में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। नगर भवन में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में झारखंड की बदलती डेमोग्राफी पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने वर्तमान कांग्रेस राजद और झामुमो की गठबंधन सरकार को आड़े हाथों लिया। वहीं जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई हृदय विदारक घटना पर आतंकियों और उनके आकाओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं उन्होंने झारखंड में लगातार हो रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ झारखंड के आदिवासी बहन बेटी और युवाओं को आगे बढ़कर आंदोलन करने की बात कही। उन्होंने झारखंड की बहन बेटियों के साथ हो रहे धर्मांतरण के और शादी ब्याह कर धर्म परिवर्तन के मामले में भी जागरूक होने और वैसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने झारखंड सरकार को गूंगी बहरी सरकार बताया। कहा की हेमंत सोरेन की सरकार हर मुद्दे पर विफल है।

# शांति आश्रम में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये दिवंगत आत्माओं के शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जिसमें गुरुकुल के सभी ब्रह्मचारी शिष्य, महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने-अपने हाथों पर दीप प्रज्वलित कर उन आत्माओं को मुक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस घटना की घोर निंदा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यह आतंकवादी राक्षस प्रवृत्ति के हैं। जिसे कि पाकिस्तान ने पनाह दे रखी है, ऐसे राक्षसी आतंकवादियों और इसे पनाह दे रहे देश को मोदी सरकार ईट का जवाब पत्थर से दें। आचार्य शरद चंद्र आर्य ने इस घटना पर कहा कि ऐसे लोगों को संसार में रहने का कोई अधिकार नहीं, पाकिस्तान को सभी देश से हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए, और पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित कर देना चाहिए,इस तरह की निर्मम हत्या सोच कर रूह काँप जाती है।दीपक मुखर्जी ने कहा की हिंदूओं को अब पूर्ण तरह से जग जाना चाहिए जिस तरह वहां धर्म को पूछ कर नव विवाहितों के पत्नी के समक्ष पति की हत्या कर देना बहुत ही दर्दनाक है। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदायी है ऐसे आतंकियों और इन्हें पनहा दे रहे देश पर भारत सरकार सख्त से सख्त कदम उठाते हुए मुंहतोड़ जवाब दें। सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं घटना पर घायल हुए सभी लोग शीघ्र स्वास्थ्य होने की ईश्वर से कामना की। सभा में ओमप्रकाश सिंह, आचार्य शरद चंद्र आर्य, लाल नवल नाथ शाहदेव, दीपक मुखर्जी, दीपक सर्राफ, मनोज गुप्ता 'मन्ना', अर्जुन देव, गुड्डुस गुप्ता, गणेश शास्त्री, जोगिंदर आर्य, प्रकाश चंद्र के साथ-साथ काफी महिलाएं एवं वहां के ब्रह्मचारी लोग उपस्थित थे।

# आज से शुरू होगा बैक टू स्कूल अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2025 बैक टू स्कूल विषय पर कार्यशाला का आयोजन टाउन हॉल लातेहार में किया गया। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी और उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है। विगत वर्षो में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं 6-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों की शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। साथ ही 6-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों को पुनः विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित अध्यापन कार्य का सम्पादन किया जाना है। इसको ध्यान में रखते हुए विद्यालय स्तर पर एक अभियान 'स्कूल रुआर, 2025' बैक तो स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 25 अप्रैल 2025 से 10 मई 2025 तक विद्यालय स्तर पर संचालित किया जायेगा।

आगे कहा कि बच्चों को वापस लाने और उनकी नियमित उपस्थिति बनाये रखना अति आवश्यक है। इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतितिधि, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मी की बेहतर भागीदारी शुरू करने की आवश्यकता है। कार्यशाला के उपरांत अभियान के शत प्रतिशत प्रचार-प्रसार हेतु शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यशाला में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अनुमंडल पदाधिकारी अजय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहु, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, जिला एवं प्रखंड स्तरीय शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# इस्लाम को बदनाम करने और नफरत फैलाने की साजिश है पहलगाम आतंकी हमला : अब्दुल रउफ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे देश के माहौल खराब करने की साजिश करार दिया। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि वो मरने वालों के परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हुई हैं। आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछा, कलमा और अजान सुनाने के लिए कहा और फिर उन्हें गोली मार दी। आतंकियों के इस टारगेट किलिंग को लेकर उन्होंने कहा कि इस्लाम को बदनाम करने और देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत पैदा करने की यह साजिश है। सदर श्री अंसारी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की और आतंकियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि देश तरक्की कर रहा है और दुनिया भर की नजर हमारे उपर है। ऐसे में सरकार को आतंकियों को खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए, लेकिन देश के सांप्रदायिक माहौल को भी बिगड़ने देना नहीं चाहिए, क्योंकि कई लोग हैं, जो माहौल खराब करने की साजिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाये कम है। पहलगाम की आतंकी हमले से देश के हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की आतंकवादियों की साजिश है। पहलगाम हमले को लेकर कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे में हमें और समाज को होशियार रहने की जरूरत है।

# ग्राम सभा पंचायती राज व्यवस्था का मूल आधार है : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड कार्यालय एवं कई पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन गुरुवार को किया गया। वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं मनिका पंचायत सचिवालय में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार एवं पंचायत सेवक विक्की गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 की याद में मनाया जाता है, जिसने ग्रामीण स्तर पर लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को मजबूती दी। यह संशोधन पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है और स्थानीय स्वशासन को एक ठोस आधार देता है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा इस व्यवस्था का मूल आधार है, जो न केवल लोगों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करती है, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती है। वहीं सभी ने अपने गांव एवं पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर सफाई अभियान चला



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में जिले के वन विभाग, कृषि कार्यालय, पीएचइडी ओवरटैंक कैंपस, बीसीडी ऑफिस परिसर, बीडीओ कार्यालय लातेहार के परिसर व आसपास के क्षेत्र में सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। लातेहार बीडीओ कार्यालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर सामूहिक सफाई अभियान का शुभारंभ किया। जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया। उपायुक्त ने सभी से अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रचलन बंद करते हुए डस्टबीन का उपयोग करें। इस अभियान में विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह की दीदिया और स्थानीय नागरिक ने श्रमदान किया। राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर आयोजित इस सफाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देना और पंचायती राज व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

# जय श्री राम समिति ने पाकिस्तानी पीएम और बंगाल के सीएम का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा के थाना चौक में जय श्री राम समिति द्वारा पुतला दहन सह मृतकों के आत्मा की शांति के लिए मौन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जय श्री राम समिति भंडरा के सदस्यों द्वारा पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ व बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, ममता बनर्जी होश में आओ के नारा लगाएं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारा लगाते हुए पहलगाम में आतंकी घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है। मौके पर जय श्री राम समिति के रामकुमार साहू ने कहा कि जिस तरह जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा घूमने गये पर्यटकों से धर्म पूछकर गोली मारकर हत्या की है। इससे पूरे देश में पाकिस्तान और आतंकवादियों के विरुद्ध आक्रोश है। उन्होंने बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के उपर हो रहे जुल्म को लेकर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को होश में आने की बात कही है।

# पक्की नाली निर्माण के लिए जेएमएम और कांग्रेस ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय गांव कैरो के मुस्लिम मुहल्ला और कुम्हार टोली के पानी निकास में हो रही परेशानी को लेकर कैरो मस्जिद मोड़ से लेकर सतीश पांडेय के घर तक मुख्य पथ के किनारे पक्की नाली निर्माण कराने को लेकर जेएमएम और कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य को लिखित ज्ञापन सौंपा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि नाली निर्माण को लेकर मैं हर संभव प्रयास करूंगी विभाग से पत्राचार कर यथाशीघ्र नाली निर्माण कराने का प्रयास करूंगी। लिखित आवेदन में कहा गया है कि मुख्य के किनारे नाली नही होने से कैरो मुस्लिम और कुम्हार टोली का पानी नही निकल पाती है, जिससे थोड़ी बहुत बारिश होने से भी रास्ता चलने में भारी परेशानी होती है। जलजमाव और कीचड़ की वजह से गंदगी का भी भरमार हो जाती है मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाती है बीमारी फैलने की खतरा बनी रहती है। मौके पर समीद अंसारी, शंभु सोनी, मो सजाद, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, रेयाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष सेन्हा में अनामांकित एवं छीजित बच्चो को विद्यालय वापस लाने तथा विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से झारखण्ड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर उन्मुखी कार्यशाला आयोजित किया गया। बाल विकास पदाधिकारी ने शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल रुआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी है। साथ ही उन्होंने बताया की दिन और वार के साथ निर्धारित गतिविधियों को यदि नियमित रूप से किया जाये तो निश्चित रूप से इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। विद्यालय में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने और नियमित उपस्थिति बनाए रखने के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रयास करनी है। बीआरपी अंबिका शरण पांडेय द्वारा सकजल रुआर के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी। स्कूल रुआर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों का विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना नियमित रूप से दिनवार गतिविधियों को करना है और उनका रिकॉर्ड डाटा एंट्री फॉर्म प्रारूप में अपडेट करना है। विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी और अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना ही स्कूल रुआर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं स्कूल रुआर के तहत विद्यालय स्तर पर 10 मई 2025 तक चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया। कार्यशाला में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा, सिनी टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि तरुण कुमार और उदित कुमार के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# डेढ़ महीने बाद भी किसानों को नहीं मिली धान की कीमत की दूसरी किस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लैंपस में धान की अधिप्राप्ति के डेढ़ महीने यानी 45 दिनों से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी किसानों को दूसरी किस्त की राशि नहीं भेजी गयी। जिससे किसान परेशान हैं। किसानों ने तत्काल पैसे मिलने की आस में धान की बिक्री लैंपस में की थी। जिसका भुगतान अभी तक किसानों को नहीं हुई है। लैंपस में राशि सही समय में नहीं मिलने के कारण कई किसान पयालन की और बढ़ रहे है। जबकी प्राप्त जानकारी के अनुसार धान की दूसरी किस्त की पैसा जिले में आ चुकी है। ससमय राशि नहीं मिलना किसानों के लिए घाटा साबित हो रहा है। लैंपस में 24 रुपये धान की खरीद की गयी। जबकि वर्तमान मे बाजार भी 24 रुपये तक धान की खरीद हो रही और तत्काल भुगतान भी मिल जा रहा है। किसानों ने जिले के उपायुक्त से गुहार लगायी है कि जल्द से जल्द भुगतान कराया जाये। इसके अलावे किसानों ने कहा कि अपनी फसल का पैसा लेने के लिए इतना इंतजार करना पड़ रहा है ये जानते तो लेंप्स मे धान ही नहीं बेचते।

# 25 और 26 को होगा विकसि भारत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के बीएस कॉलेज में 25 और 26 अप्रैल को विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस संगोष्ठी में देश भर से 100 से अधिक शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। अब तक 108 शोध सार प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा, ओपन यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति टी एन साहू और पद्मश्री मुकुंद नायक करेंगे। वही कार्यक्रम में नागपुर नीरी के वैज्ञानिक तनवीर आफरीन, बरिया वैज्ञानिक, नीरी, नागपुर, डॉ डीएन वर्मा, रामपुरहाट, पं बंगाल, डॉ सुमित पाठक, डॉ संगीता, योगदा सत्संग कॉलेज रांची, और अन्य प्रमुख विद्वान उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना और शोधकर्ताओं को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है। वही झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली और अन्य राज्यों से शोधार्थी और प्राध्यापक इस संगोष्ठी में भाग लेंगे। उक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता ने दी।

# 18 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लावागाई गांव से कुडू थाना पुलिस ने गुरुवार को 18 वर्ष से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान लावागाई निवासी दिलावर खान के पुत्र आजम खान के रूप में की गयी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आजम खान पर कुडू थाना कांड संख्या 78/2007 धारा 302/34 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज थी।

## शशि रंजन ने हुसैनाबाद अनुमंडल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं रहने पर कार्यालय प्रधान का रुकेगा वेतन: डीसी

**कहा- क्षेत्र का भ्रमण और समन्वय बना कर विकास कार्यों में गति लायें पदाधिकारी**

## हैदरनगर-मोहम्मदगंज में बीपीओ की नियमित उपस्थिति नहीं रहने पर आधे महीने का वेतन काटने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिले के पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण कर अपने-अपने विभागों से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लेना सुनिश्चित करें। साथ ही विकास कार्यों में गति लाएं। योजनाओं के संचालन और योग्य एवं जरूरतमंद लोगों को लाभांवित करने से जिले की प्रगति होगी। विकास कार्य के लिए सभी विभागों के पदाधिकारी समन्वय बनाकर काम करें। उक्त बातें पलामू डीसी शशि रंजन ने कही। वे गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के तहत अनुमंडल सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक की शुरूआत में जिले के सभी पदाधिकारियों से उनके आज के निरीक्षण से संबंधित जानकारी लेते हुए स्थल की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक



विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

दिशा-निर्देश भी दिया। कहा कि विकास योजनाओं की गति में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट हिदायत देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही और शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लाइवलीहुड को मजबूत करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्येक प्रखंड से सखी मंडल की 5-5 सक्रिय महिलाओं को आगे लाया जाए, ताकि लाइवलीहुड की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सके। साथ ही कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए 15 मई तक गड्ढा खोदना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने आवास योजनाओं में प्रगति लाने व मनरेगा योजना में गति लाने का निर्देश दिया। डीसी ने हैदरनगर और मोहम्मदगंज में बीपीओ की नियमित उपस्थिति नहीं रहने पर संबंधित प्रखंडों के बीडीओ को कारण बताओ नोटिश जारी करने और संबंधित बीपीओ का आधे महीने का वेतन काटने का भी निर्देश दिया। लगे हाथ अनुमंडल पदाधिकारी को कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति कार्यालय अवधि के अंतिम समय में जांच करने और अनुपस्थित रहने की स्थिति में संबंधितों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में कार्यरत सभी कर्मी अपने नियुक्ति, प्रतिनियुक्त से संबंधित स्थान पर आवासन करना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने और कार्य में लापरवाही बरतने की स्थिति में उनके साथ ही संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सभी कार्यालय प्रधानों को जिम्मेवारी तय की है। कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों का आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अनुबंध पर कार्यरत सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं रहने पर कार्यालय प्रधानों का वेतन रोकने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी ने दाखिल खारिज के आवेदनों को लंबित ना रखने, बालू की अवैध उठाव एवं खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने को लेकर निरंतर निरीक्षण करते हुए कार्रवाई जारी रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, पेयजल आदि मुलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने का निर्देश नजारत उप समाहर्ता को दिया। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ एवं अन्य मौजूद रहे।

# हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में शिविर लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को जिला स्तरीय शिविर का अधिष्ठापन कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित कैंप कार्यालय में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों की समस्याओं को सुने और उसका निदान किया। इस दौरान अपनी समस्याओं को लेकर 70 से अधिक लोग डीसी से सीधे मिले। डीसी ने भी लोगों से मिलकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुना। समस्या से संबंधित आवेदन लिये और संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीसी शशि रंजन ने कहा कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित शिविर कार्यालय से स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। पदाधिकारी उनके नजदीक पहुंचकर उनकी समस्याएं दूर कर रहे हैं। इससे आमलोगों को समय और आर्थिक बचत हो रही है। साथ ही कैंप कार्यालय के तहत पदाधिकारी विभिन्न योजनाओं के तहत संचालित कार्यों एवं गतिविधियों का निरीक्षण कर रहे हैं। डीसी खुद भी क्षेत्र का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा ले रहे हैं। इससे जिले के विकास कार्यों में गति मिल रही है। कैंप कार्यालय



### डीसी ने किया कई विभाग के कार्यालय का निरीक्षण

**डीसी शशि रंजन ने आईटीआई कालेज, अनुमंडल अस्पताल, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रावास का भी निरीक्षण किया।**

में हुसैनाबाद के लंबी गली निवासी दिव्यांग प्रह्लाद ठाकुर ने डीसी के समक्ष बैटरी वाली गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर डीसी ने जिला में गाड़ी की उपलब्धता के उपरांत उन्हें प्राथमिकता के तहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं हैदर नगर निवासी रजी अहमद खां ने सरकारी भूमि की बंदोबस्ती से संबंधित आवेदन दिया। डीसी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया। पूर्णाडीह के सरोज राम ने पूर्वजों द्वारा बंटवारा किए गए भूमि को जबरन हड़पने का प्रयास करने से संबंधित समस्याओं को रखा। अनिका कुमारी ने बेदौलिया आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका चयन को रद्द करने संबंधी समस्याएं रखी। इन सभी पर गंभीरता दिखाते हुए उपायुक्त ने उनकी समस्याएं दूर करने की पहल की। वहीं, वन भूमि के बदले अन्य भूमि/सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल माफी संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही मंईयां सम्मान योजना की राशि देने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभांवित किए जाने की पहल की गई। कैंप कार्यालय के माध्यम से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया गया। इस मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, एसडीएम गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खनिज विभाग एवं पुलिस प्रशासन की उदासीनता स्टोन क्रेशर मालिक नियमों की उड़ा रहे धज्जियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** खनिज विभाग और प्रशासन के उदासीनता रवैया और लापरवाही के चलते पलामू जिले के पीपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चपरवार में संचालित स्टोन क्रेशर प्लांट के कुछ मालिक खनिज नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। स्टोन क्रेशर मशीन में पत्थर पिसाई के दौरान पानी का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। मौजूदा समय में धूलकण हवा में गुबार बनकर उड़ रहे हैं। बता दें कि चपरवार में कई ऐसे क्रेशर प्लांट हैं जो बिल्कुल ही एनएच 139 मार्ग से सटे हुए हैं



और 24 घंटे छोटे-बड़े हजारों वाहनों से यात्री लोकल और लंबी दूरी का सफर कर रहे हैं। साथ ही आसपास हजारों की संख्या वाले गांव भी है। पत्थर पिसाई के दौरान हवा में उड़ रहे धूलकण से गांव वालों के साथ ही एनएच पर यात्रा कर रहे यात्री भी प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक क्रेशर पत्थर की पिसाई के लिए स्प्रिंकलर का नहीं लगाना खनिज नियमों की अनदेखी है। अगर स्प्रिंकलर लगाई जाती तो पत्थर पिसाई से डस्ट हवा में ना उड़ती।

# घर से दुकान जा रही बच्ची को वाहन ने रौंदा, हुई मौत

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के सदर थाना क्षेत्र के जोड गांव में सड़क हादसे में सात साल की बच्ची की मौत हो गई। उसकी पहचान शिवानी उर्फ बुलबुल के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई, जब बच्ची घर के पास स्थित दुकान जा रही थी। तभी सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार एक वाहन उसे टक्कर मारते हुए फरार हो गया। बता चला है कि घटना के समय बच्ची के माता-पिता दोनों घर से बाहर थे। उसकी मां अपेंडिक्स ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती थी, जबकि पिता अलख पांडेय रोजगार के लिए छत्तीसगढ़ में था। स्थानीय लोग घायल बच्ची को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज



एंड हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवानी गांव के ही सरकारी स्कूल में दूसरी कक्षा की छात्रा थी। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी। बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही शव को ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। उधर, थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने बताया कि इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# जिला उद्यान पदाधिकारी ने किया सब्जी खेती का निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत दंगवार पंचायत के नदियाई एवं हैदरनगर प्रखंड के कुकहि पंचायत के भैंसना में किसानों द्वारा लगायी गयी सब्जी भिंडी, टमाटर, कद्दू, मिर्ची और धनिया आदि का गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसान राजकुमार मेहता से बीज की गुणवत्ता, लागत, उत्पादन और बाजार मूल्य पर चर्चा की। बताया कि उद्यान विकास एवं राष्ट्रीय उद्यान विकास योजना अंतर्गत प्रखंड के इच्छुक



किसान को फल, फुल और सब्जी का बीज निःशुल्क दिया जाता है, ताकि किसान आत्मनिर्भर बन कर अपनी आय दोगुना कर सकें। वहीं,हुसैनाबाद प्रखंड के उद्यान मित्र कृष्ण बैठा ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा उद्यान विभाग से चलाई जा रही योजनाओं से किसान लाभांवित हो रहे हैं। कई किसानों ने केला, अमरूद, आम, नींबू और आंवला का भी पौधा लगाया हैं। इस मौके पर हैदरनगर प्रखंड के उद्यान मित्र रामसुंदर प्रसाद मेहता, विवेक पांडेय, हरि महतो और जयश्री महतो आदि उपस्थित थे।

# घायल महिला को पलामू डीटीओ ने अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के डीटीओ जितेंद्र यादव ने गुरुवार को मानवता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल महिला को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचायी। जानकारी के मुताबिक छतरपुर थाना क्षेत्र के टेलाड़ी मोड़ में हुए सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। जिसे डीटीओ जितेंद्र यादव ने अपने कार्यालय कर्मियों के साथ मिलकर अपनी काड़ी से इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय



अस्पताल ले गये। महिला अपने पति एवं बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर पाटन के किशुनपुर से हरिहरगंज जा रही थी। तभी टेलाड़ी मोड़ के समीप बाइक असंतुलित होकर गिर गया। जिसमें महिला चोटिल हो गयी। बतातें चलें कि कैंप कार्यालय के तहत गुरुवार को पलामू डीसी का हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर में कार्यक्रम है। जिसमें भाग लेने डीटीओ जा रहे थे। जिला परिवहन पदाधिकारी ने आमजनों से भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने की अपील की है। कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को गुड सेमेरिटन योजना के तहत पुरस्कृत भी किया जाता है।

## पलामू की महिला से बिहार में सामूहिक दुष्कर्म

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू की एक महिला के साथ बिहार के गया जिले में सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह वर्तमान में मेदिनीनगर में किराए के मकान में रहती है। चार बच्चों की मां 30 वर्षीय पीड़िता को उसकी एक महिला मित्र मेले में काम दिलाने के बहाने गया ले गई थी। वह मेले में टिकट काटने का काम करने तीन दिन पहले ही वहां पहुंची थी। पता चला है कि वारदात वाले दिन वह अपने कमरे में प्रेमी के साथ थी। जबकि दूसरे कमरे में उसकी महिला मित्र तीन पुरुषों के साथ शराब पी रही थी। इसके बाद नशे में धुत तीनों आरोपियों ने पीड़िता के प्रेमी को मारपीट कर भगा दिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता की हालत बिगड़ने पर महिला मित्र उसे पलामू ले आई और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर फरार हो गई। उधर, अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शहर थाने में तीन आरोपियों और महिला मित्र के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों में मेले का एक झूला मालिक, पीड़िता के किराए के मकान का मालिक और महिला मित्र का एक साथी शामिल है।

# जपला समता स्कूल में आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में विगत दिनों पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों को नगर पंचायत के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में गुरुवार को शोक सभा आयोजित की गयी। छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय प्रबंधन के लोगों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय चौहान ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला आतंकवाद की पराकाष्ठा हैं।



विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम हमारी एकजुटता और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कहा कि यह हमला पर्यटकों पर नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और जीवन मूल्यों के प्रति शांति एवं समरसता की परंपरा पर हमला है। मौके पर शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी और अनूप पांडे आदि उपस्थित थे।

## बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव में बचपन प्ले स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल के बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में आयोजित वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह में बचपन प्ले स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे बच्चों ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया। वहीं, बेरमो सीओ संचित कुमार सिंह ने स्कूल निदेशक ब्रज नंदन सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर केशव प्रसाद सिंह, एसडी सिंह, भरत यादव, विनय कुमार सिंह, ललन सिंह, सुनील सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, रोहित कुमार सिंह और भीम यादव के अलावा हंसिका सिंह, समृद्धि शिक्षा, आरम्भ मिश्रा, परी यादव, आरिज हुसैन आदि मौजूद रहे।

## संत मरियम के विद्यार्थियों ने आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

# अपने ही घर में परिवार का सुरक्षित न होना चिंता का विषय : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वार 28 सैलानियों की निर्मम हत्या से पूरा देश आक्रोशित है। इस घटना से मर्माहत होकर बुधवार की शाम संत मरियम आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मोमबत्ती जलाकर मृत सैलानियों को श्रद्धांजलि दी। सभी ने एक स्वर में आतंक के अंत के लिए बिना देर किए कठोर कदम उठाने की मांग की। वहीं, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने भी शोकाकुल सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कहा कि आतंकवादियों द्वारा कायराना तरीके से जम्मू-कश्मीर के पहलमाम में जो नरसंहार किया



पहरलगाम में आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देते संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी, चेयरमैन अविनाश देव एवं अन्य।

गया उससे लोग अपने ही देश और घर में असहज और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जो कि निंदनीय है। कहा कि जिन आतंकियों ने सैलानियों का लहू बहाया है, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। आतंक का अंत करने के लिए केंद्र सरकार को शीघ्र ही ठोस कदम उठाने चाहिए।

# जेइइ मेंस संयुक्त प्रवेश परीक्षा में रेहला एबीपीएस के तीन छात्रों को मिली सफलता

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रेहला एबीपीएस के तीन छात्रों ने जेइइ मेंस परीक्षा में सफलता हासिल की है। पलामू जिला के रेहला जैसे रिमोट एरिया में स्थित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल की छात्रा रितिका विश्वकर्मा, आयुष राज और जगदीश मरांडी ने जेइइ मेंस संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सफल होकर सभी का मान बढ़ाया है। बतातें चलें कि जेइइ मेंस परीक्षा परिणाम में पूरे देश में रितिका विश्वकर्मा ने 8264वां कैटेगरी रैंक, आयुष राज ने 40559 वां कैटेगरी और जगदीश मरांडी ने 1534 वां कैटेगरी रैंक प्राप्त कर विद्यालय प्सहित पूरे क्षेत्र



को गौरवान्वित किया है। प्राचार्य नूरुल हक ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जेइइ मेंस के नतीजों से यह स्पष्ट हो गया कि एबीपीएस के छात्र अपनी अकादमी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर संकल्पित हैं। इन छात्रों ने मेहनत, लगन एवं गुरुओं द्वारा दी गयी शिक्षा को अपनी तैयारी का प्रमुख माध्यम बनाया। नियमित कक्षा एवं समय-समय पर दी जाने वाली ऑनलाइन कक्षा, अतिरिक्त सामग्री का सही सदुपयोग कर सफलता की सीढ़ी का निर्माण किया। कहा कि सही समय प्रबंधन, उचित पाठ्य सामग्री का चयन और निरंतर अभ्यास ही इनकी सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चैनपुर के बरवे मैदान में अलबर्ट एक्का कृषि मेला का आगाज, शामिल हुईं कृषि मंत्री

# मेला का लक्ष्य योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाना : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/ गुमला।** चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में दो दिवसीय परमवीर एलबर्ट एक्का कृषि मेला-सह कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार को धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व उन्होंने चैनपुर में स्थित परमवीर एलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को नमन किया। मंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब कृषि मेला के साथ कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक यंत्रों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि कई बार सही जानकारी के अभाव में किसान लाभ से वंचित रह जाते हैं या बिचौलियों के जाल में फंस जाते हैं। इस आयोजन का लक्ष्य केवल इतना है कि योजनाओं की जानकारी सीधे किसानों तक पहुंचे और वे आत्मनिर्भर बन सकें। सुश्री तिर्की ने विशेष रूप से इस बात की सराहना की कि यह आयोजन जिला मुख्यालय की बजाय सुदूरवर्ती चैनपुर प्रखंड में किया जा रहा है, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के युवा रोजगार की तलाश में पलायन करते हैं, लेकिन यदि कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाया जाए तो स्थानीय स्तर पर ही समृद्धि लायी जा सकती है।

### खेती के लिए बीज और कृषि यंत्रों की जानकारी आवश्यक : सचिव

कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि सही जानकारी और आधुनिक यंत्रों की मदद से किसान अधिक उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेती-बाड़ी केवल परंपरा नहीं, एक विज्ञान है, जिसमें समय, तकनीक और संसाधनों की सही जानकारी अनिवार्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से किसानों को नई दिशा मिलेगी।

**मेला का उद्देश्य और आकर्षण का केंद्र**

दो दिवसीय मेला 24 और 25 अप्रैल को आयोजित हो रहा है, जिसमें किसान अपने फल, सब्जियां, फसलें लेकर आये हैं और विभिन्न विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा पाँच स्टॉल लगाए गए हैं और कई सफल किसानों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किये जा रहे हैं, जिससे बाकी किसान भी प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम स्थल पर 50 से अधिक विभागीय स्टॉल लगाये गये थे। जिनके माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं, और कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, जिला पुलिस पदाधिकारी, वन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, परमवीर एलबर्ट एक्का के सुपुत्र, जिला परिषद सदस्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### यह कार्यक्रम सुदूर ग्रामीण किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है : उपायुक्त

गुमला। वहीं गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अब सुदूरवर्ती क्षेत्रों के किसान भी सरकार की योजनाओं से सीधा जुड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा 50 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं, जिनमें किसानों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य, बागवानी, डेयरी आदि से जुड़ी योजनाओं और यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

### मेले में गर्मी के कारण किसानों की उपस्थिति कम रही

चैनपुर प्रखंड में आयोजित कृषि मेला सह कार्यशाला में तपती गर्मी के कारण किसानों की उपस्थिति अपेक्षा से कम रही। प्रशासन ने वाहनों की व्यवस्था सहित व्यापक तैयारियाँ की थी और राज्य स्तर के अधिकारियों को प्रखंडवार जिम्मेदारी भी दी गयी थी, फिर भी भीड़ नहीं जुट सकी। कुछ लोगों ने गर्मी को कारण बताया, वहीं कुछ ने जागरूकता की कमी को। यह आयोजन चैनपुर अनुमंडल के लिए पहली बार हुआ था, जिसका उद्देश्य किसानों को नई तकनीक और योजनाओं की जानकारी देना था। कम उपस्थिति से अधिकारी निराश नजर आये।

## 35 अनाथ बच्चों का प्रगति ग्राम उद्योग संस्थान कर रहा है देखभाल, जिप उपाध्यक्ष ने सहयोग का दिया भरोसा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से 5 किलोमीटर दूर उर्मी में प्रगति ग्राम उद्योग संस्थान गुमला के बैनर तले सुनील साहू और सरिता देवी 35 अनाथ बच्चों का भविष्य संवारने में लगे हैं। बच्चों को किराये के मकान पर रखकर उनकी देख रख कर रहे है। कुछ समाजसेवियों के द्वारा अनाथालय को आर्थिक सहयोग की जाती है लेकिन सरकार के द्वारा अब तक किसी तरह का सहयोग नहीं दिया गया है। सूचना पर जिला परिषद की उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी गुरुवार की सुबह 8 बजे अनाथालय पहुंची और बच्चों से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। यहां गुमला ही नहीं रांची के अलावा अन्य जगहों से भी अनाथ बच्चे हैं। जिनके खाने-पीने पढ़ने और रहने की सारी व्यवस्था सुनील और सरिता के द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के द्वारा सहयोग मिले तो बच्चों को और बेहतर तरीके से संवारने का प्रयास करेंगे।

## 29 तक होगी टीचर नीड एसेसमेंट आकलन परीक्षा



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निर्देशानुसार सरकारी विद्यालय के सभी शिक्षकों को टीचर नीड एसेसमेंट (टीएनए) संबंधी आकलन परीक्षा में भाग लेना है। यह परीक्षा 24 अप्रैल 2025 से 29 अप्रैल 2025 तक झारखंड राज्य के सभी प्रखंडों में आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के तहत सभी शिक्षक अपने मोबाइल में सेंटा ऐप डाउनलोड करते हुए उसमें अपना रजिस्ट्रेशन किया है एवं बैच वाइज उनके आकलन परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हुई। इसके तहत रायडीह प्रखंड के 67 शिक्षकों का टीएनए गुरुवार को श्री बनवारी लाल साहू राजकीय मध्य विद्यालय पतराटोली के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें सभी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की 67 में से 64 ने सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न किया और शेष 3 तकनीकी समस्या होने के कारण परीक्षा में लॉगिन नहीं कर पाये। इस कार्य में तकनीकी सहायता देने हेतु प्रखंड की 10 सदस्यों की टीम बनी है। जिसमें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत सेनगुप्ता, लेखपाल विजयपाल कुजूर, आभा गुप्ता, संकुल साधन सेवी अर्पिता भट्टाचार्य, उषा इंदवर, निशा कुमारी, गुलाम सरवर, प्रकाश कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद एक्का सम्मिलित थे।

# आज विहिप का गुमला बंद, भाजपा और बार एसोसिएशन ने किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की हुई नृशंस हत्या के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद, गुमला जिला द्वारा आज शुक्रवार को गुमला बंद का आह्वान किया गया है। विहिप ने एक बैठक कर यह निर्णय लिया है। भारतीय जनता पार्टी, गुमला जिला इकाई ने इस बंद का पूर्ण समर्थन किया है तथा जिले के सभी व्यवसायियों और नागरिकों से इस एक दिवसीय बंद को सफल बनाने की अपील की है।

इधन बार एसोसिएशन और अधिवक्ता संघ गुमला ने भ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के 25 अप्रैल को गुमला बंद का समर्थन किया है। सदस्यों ने कहा कि पहलगाम में हुई घटना निंदनीय है और शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बंद का समर्थन किया जायेगा। शुक्रवार को गुमला कोर्ट बंद रहेगा साथ ही कोर्ट का कार्य भी बंद रहेगा। मौके पर अधिवक्ता बाबूलाल, अग्नू उरांव, विभाग संयोजक मुकेश सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक संतोष यादव, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार, विहिप नगर अध्यक्ष मनोज साहू सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मिशन बदलाव का कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए सामाजिक संगठन मिशन बदलाव ने टावर चौक, गुमला में एक कैंडल मार्च निकाला। इस विरोध मार्च में बड़ी संख्या में मिशन बदलाव के सदस्य शामिल हुए और आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

संगठन के सदस्यों ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों द्वारा पर्यटकों को निशाना बनाना न सिर्फ कश्मीर पर हमला है, बल्कि यह इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना भी है। यह घटना देश की एकता और भाईचारे को तोड़ने की साजिश है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। महिला टीम की जिला सचिव सय्यदा खातून, गुमला के अधिवक्ता सच्चिदानंद गोप, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साहू और सेवानिवृत्त सेना अधिकारी विपिन गोप ने इस नृशंस हमले की घोर निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना न दोहरा सके।

## बैक टू स्कूल कैंपेन को लेकर कार्यशाला का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र सिसई द्वारा गुरुवार को बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत विद्यालय में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नेता जी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ रमेश कुमार यादव सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना अंतर्गत 25 अप्रैल से 16 मई तक स्कुल रुआर 2025 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को अपने विद्यालय क्षेत्र के छह साल से उपर सभी बच्चे -बच्चियों का शत प्रतिशत नामांकन कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी,शिक्षा विभाग की बीपीओ सुप्रिया कुमारी, मधु कुमारी, ललिता कुमारी, प्रशांत कुमार, एचएम मीना साहु, मनमोहन मिश्रा, सुधीर कुमार सिंह, अवधेश कुमार, सभी बीआरपी, सीआरपी प्रेम चंद्र साहु, दीपक साहू, धर्मेंद्र कुमार विकास कुमार साहु, सहित विभिन्न विद्यालयों के एचएम मौजूद थे।

# घाघरा में रक्तदान शिविर लगा



आजाद सिपाही संवाददात

**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक कार्यालय परिसर में उपायुक्त के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सरकारी कर्मी, छात्र व ग्रामीणों द्वारा 23 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया है। जिसमें रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है। रक्तदान महादान है। सभी लोग रक्तदान में अपनी सहभागिता निभायें। आपका एक यूनिट रक्तदान करने से किसी की जान बच सकती है। किसी के परिवार की खुशी लौट सकती है। कई ऐसी बीमारी है जिसमें प्रत्येक दिन रक्त की आवश्यकता होती है। हम सभी को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। वहीं लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सभी कोई रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीएम ज्ञानरंजन, आलोक कुमार रक्तदान करने वाले लोगों में जसवंत महतो, जितेंद्र महतो, अखिलेश कुमार, अवधेश शिखर सहित कई नाम शामिल है।

## ट्रैक्टर से गिर कर मजदूर की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लवादाग गांव में मिट्टी गिराने के क्रम में ट्रैक्टर हादसे में मजदूरी कर रहे देवराज मुंडा की मौत हो गई। मैं पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु आज गुमला भेज दिया। घटना का संबंध में एतवा मुंडा ने बताया कि वह अपने घर बनाने के लिए मिट्टी गिरवा रहा था। जहां देवराज मुंडा मजदूरी का काम कर रहा था। ट्रैक्टर चालक मिट्टी गिराने का काम कर रहा था। जहां देवराज साइड में खड़ा होकर मिट्टी गिरवाने लगा। मिट्टी गिरने के बाद ट्रैक्टर आगे बढ़ रहा था। जहां ट्रैक्टर डल्ला एक तरफा होकर पलट गया। जिससे देवराज को गंभीर चोट लगी और घटना स्थल पर उसकी मौत हो गयी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# पहलगाम नरसंहार के विरोध में विहिप का मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** 24 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा गुमला नगर में शाम 6 बजे मशाल जुलूस पहलगाम में हिंदुओं की जो बर्बरतापूर्ण हत्या की गयी है, उसके विरोध में निकाला गया।

बजरंग दल जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि कश्मीर बदल रहा है ये पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। पाकिस्तान जो जेहादी मानसिकता से ग्रसित है और भारत की ख्याति से परेशान है। भारत और भारत में रहने वाले हिंदू का नाम पूरे विश्व में फैल रहा है इससे परेशान हो कर जेहादी मानसिकता वाले पाकिस्तानी आतंकवादियों ने सिर्फ हिंदू पर्यटकों को निशाना बना का मारा। सिर्फ धर्म पूछ के गोली मार रहे है अभी जिस बहन के हाथों की मेंहदी का रंग नहीं उतरा है उसके पति को मार दिया। ये कैसा धर्म है कौन सा धर्म सिखाता है कि हिंदू है बोल रहा है तो गोली मार दो।

विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि ये कैसी जेहादी मानसिकता है कि 83 साल के बूढ़े को मार रहे हैं। पति को पत्नी के सामने मारते है और उनको बोलते है कि मोदी को बोलो। मोदी हिंदू है इसका मतलब सब हिंदू को मार डालो। पेंट खोल के धर्म देखा जा रहा हैं। कहा से ये सब सीख रहे है। प्रचार प्रसार प्रमुख अमित कुमार ने कहा कि अब हिंदुस्तान में अपने आप को हिंदू बोलना या होना पाप हो गया है, अपने देश में हिंदू बोलिए तो गोली मार दिया जायेगा, जिंदा रहने के लिए कलमा पढ़ना होगा। पहलगाम घटना के विरोध मे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने 25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को संपूर्ण गुमला जिला बंद बुलाया है बंद में आपातकालीन सेवा और सरकारी सेवा को छूट दी गयी है।

## मारवाड़ी युवा मंच और प्रेरणा शाखा ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा गुमला के तत्वाधान में कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पोद्दार धरमशाला में श्रद्धांजलि सभा के साथ शुरू हुई तदोपरांत सभा कैंडल मार्च में तब्दील होते हुए शहीद चौक मे समाप्त हुई। इस मौके पर अध्यक्ष संजीव मालानी, सचिव शंकर अग्रवाल, नटवरलाल अग्रवाल, पंकज साबू, पदम साबू, पवन जाजोदिया, शशि गाड़ोदिया, दिनेश अग्रवाल देवघर, रोहित मंत्री, सुनील जाजोदिया समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



मांडविया ने ऐलान किया कि डिजीलॉकर से जुड़े खेल प्रमाणपत्र जल्द ही नेशनल स्पोर्ट्स रिपॉजिटरी सिस्टम से जोड़े जायेंगे।

# खिलाड़ियों को आवेदन की जरूरत नहीं, अब सरकार खुद देगी इनाम : मनसुख मांडविया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने गुरुवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में डिजीलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाणपत्र जारी करने के पहल की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने नेशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च का भी उद्घाटन किया।

डॉ मांडविया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की हर खेल पहल खिलाड़ी-केंद्रित है। उन्होंने बताया कि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2024, नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी 2024 और एज फ्रॉड के खिलाफ नेशनल कोड 2025 जैसे कदम सरकार की पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मांडविया ने ऐलान किया कि डिजीलॉकर से जुड़े खेल प्रमाणपत्र जल्द ही नेशनल स्पोर्ट्स रिपॉजिटरी सिस्टम से जोड़े जायेंगे। इससे खिलाड़ियों को सरकार द्वारा मिलने वाली नकद पुरस्कार राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक खातों में सीधे मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अब खिलाड़ी को सरकार से इनाम पाने के लिए आवेदन नहीं करना पड़ेगा। जब पूरी दुनिया ने देखा है कि उसने पदक जीता है, तो फिर प्रमाण देने की जरूरत क्यों? मांडविया ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी के रोडमैप का जिक्र किया और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी में भी रुचि दिखाई। उन्होंने 'वन स्पोर्टझ्वन कॉरपोरेट' नीति की घोषणा करते हुए बताया कि इससे खेल महासंघों को कॉरपोरेट सहयोग मिलेगा और पीपीपी मॉडल के तहत उच्च प्राथमिकता वाले खेलों के लिए ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र बनाए जायेंगे। ओलंपिक रजत पदक विजेता और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्डी मीराबाई चानू ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, ₹अब हमें जरूरी दस्तावेज के लिए घर भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डिजीलॉकर से प्रमाणपत्र मिलना हम जैसे खिलाड़ियों के लिए बड़ी राहत है।

## सद्भावना मंच ने पहलगाम मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के सिसई रोड स्थित इंसाईन प्रिंटिंग प्रेस के प्रांगण में गुरुवार की शाम सद्भावना मंच के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों के निर्माम हत्या का विरोध किया गया। साथ ही मृतकों को आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। आतंकवादियों ने कायरता पूर्वक घटना को अंजाम दिया है। जिसकी सद्भावना मंच घोर निंदा करता है। केंद्र सरकार से मामले को लेकर कठोर कार्रवाई की मांग की गयी।

## श्री संकट मोचन मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अखंड हरिकीर्तन का समापन, पुणार्हूति और रात्रि में धार्मिक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम के साथ अंबेरा डीह गांव में श्री संकट मोचन मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया। समाजसेवी संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर रंगारंग कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष महेश सिंह और सचिव सिकंदर सिंह के नेतृत्व में आए अतिथियों एवं कलाकारों का अंग वस्त्र और बैच पहनाकर सम्मानित किया। संरक्षक मंगल सिंह भोगता ने आयोजन समिति के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि प्रभु श्री राम की सेवा के लिए हनुमान जी का अवतार हुआ था। कहा जाता है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। सेवा और सहयोग हमारे जीवन का मकसद होना चाहिए। गायक महावीर साहु के भक्ति गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। उड़ीसा से आए कलाकार उर्मिला महतो व उसके टीम ने भावपूर्ण गीत में मनभावन नृत्य नाटिका का प्रदर्शन कर लोगों को भावविभोर कर दिया।

# आतंकी हमले के विरोध में भाजपा का कैंडल मार्च



**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-काश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के प्रतिवाद में भाजपा भागा मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी के नेतृत्व में गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें भाजपाई लोदना मोड़ से पैदल चलकर हाथों में कैंडल लिए शहीद शशिकांत पांडेय चौक पहुंचे। शहीद को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं, पार्टी नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष-निहत्थे लोगों की कायरतापूर्ण हत्या निंदनीय है। केंद्र सरकार आतंकवादियों की खोजबीन कर कठोर से कठोर सजा दे। उन्होंने पाकिस्तान सरकार पर भी कार्रवाई की मांग की। वहीं कैंडल मार्च में रीता चौधरी, आशा देवी, कल्पना देवी, रीता मोदी, रिंकी देवी, तारकेश्वर तिवारी, दल गोविंद महतो, बबलू साव, अनिल शर्मा, विकाश प्रसाद, नीतू सिंह, रूपेश पासवान, रुदल पासवान, नगीना पासवान और गुड़िया देवी आदि शामिल थे।

## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का प्रयास रंग लाया

# चार स्टेशनों पर होगा छह ट्रेनों का ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सार्थक एवं साकारात्मक प्रयास रंग लाया। चार स्टेशनों पर छह ट्रेनों का ठहराव होगा। रेलवे ने इसकी मंजूरी दे दी है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी लंबे समय से इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर प्रयासरत थे। इसको लेकर उन्होंने संसद में अपनी बातों को भी रखा था। इस बाबत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी चर्चा की थी। सांसद ने बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत भंडारीदाह स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, पारसनाथ स्टेशन पर मुंबई एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं बोकारो थर्मल स्टेशन पर कोलकाता-मदार एक्सप्रेस का ठहराव होगा। साथ ही फुलवार टांड स्टेशन पर धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, वनांचल एक्सप्रेस एवं रांची-गोड्डा एक्सप्रेस का ठहराव होगा। उन्होंने बताया कि मई महीने से इन ट्रेनों के ठहराव होने से लोगों को आवागमन में सुविधा और सहूलियत होगी। पारसनाथ स्टेशन से मुंबई एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस के ठहराव से यहां के लोग सीधे मुंबई एवं देश के अन्य राज्यों की यात्रा कर सकेंगे। लंबे समय से इसकी मांग लोग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि लोगों को रेल यात्रा सुविधा ज्यादा से ज्यादा प्राप्त हो सके और इसको लेकर हमारी गंभीरता बनी हुई है।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपते सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी।

# शव लेकर परिजनों ने रात भर दिया धरना सुबह मिला चार लाख रुपये का मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजगंज।** बाबा बॉयलर फार्म के मैनेजर फटामहुल निवासी सागर मंडल विगत 20 अप्रैल को बाइक दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए धनबाद भेजा गया था। जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें दुर्गापूर के मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बुधवार को उनकी मौत हो गयी। इस बीच परिजन फार्म संचालक बीरबल मंडल से सहायता राशि की मांग कर रहे थे। पर बार-बार टाल मटोल किये जाने से परेशान होकर बुधवार को शव के पहुंचने के बाद परिजन शाम चार बजे से फार्म के सामने ही धरने पर बैठ गए। रातभर धरना पर बैठने के बाद भी वार्ता सफल नहीं हो पायी। इसके बाद गुरुवार को भी लगातार वार्ता के बाद पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि के रूप में चार लाख रुपए नगद दिलाया गया। इसके बाद परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार को गये। इस मौके पर आजसू के जिला अध्यक्ष गिरधारी महतो, नरेश महतो, सुभाष रवानी, राकेश, विकास, समीर मंडल और उत्तम मंडल आदि शामिल थे।

## मानव एकता दिवस पर संत निरंकारी मंडली ने लगाया रक्तदान शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के बरवाअड्डा स्थित संत निरंकारी संस्थान की ओर से मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें धनबाद के एसएनएमएमसीएच और सेंट्रल अस्पताल के ब्लड बैंक के टीम मौजूद रही। इस दौरान संस्थान के कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। पता चला है कि एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक की टीम ने 70 यूनिट और सेंट्रल अस्पताल ब्लड बैंक की टीम ने 20 यूनिट रक्त संग्रह किया। वहीं, संस्था के पब्लिकेशन इंचार्ज रामेश्वर ने बताया कि वे लोग प्रतिवर्ष मानव एकता दिवस पर गुरु हरदेव सिंह जी की अगुवाई में सरकारी अस्पतालों को हमारे वॉलंटियर द्वारा रक्तदान किया जाता है।

# राकोमयू में शामिल हुए दर्जनों कोयला मजदूर



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (राकोमयू) की रीति नीति से प्रभावित होकर सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के जीएम यूनिट के दर्जनों मजदूर एवं अन्य यूनियन छोड़कर आये मजदूरों ने राकोमयू का दामन थाम लिया। क्षेत्र के सचिव महारुद्र सिंह सहित चंदन कुमार चौहान और रविंद्र साहनी ने कहा कि राकोमयू श्रमिकों के हित के लिए काम करता है। इसी से प्रभावित होकर लोग सदस्यता ग्रहण किये है। कहा कि हमारा यूनियन मुख्य रूप से कामगारों की समस्याओं का निराकारण कराती है। इससे कामगारों का लागातार हमारे यूनियन की तरफ झुकाव हो रहा है। यूनियन में शामिल होने वाले सदस्यों ने कहा कि हमलोग जिस यूनियन में थे, वो मजदूर हित में बिल्कुल काम नहीं करती थी। इसलिए अब हम लोग राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के साथ जुड़े हैं। राकोमयू का दामन थामने वालों में जयवर्धन चौहान, कुंदन कुमार चौहान, संतोष भेंगरा, नीलकंठ रजक, राजू केवट, राजीव कुमार, सरद कुमार, राजेंद्र कुमार, मयंक कुमार, पंकज कुमार, विश्वनाथ शाहू, रीना कुमारी, प्रतिभा कौशले, सरजू तांती और रविन्द्र साहनी आदि शामिल हुए।

# हमले के विरोध में जिले के पत्रकारों ने एसडीओ कार्यालय घेरा, धरना-प्रदर्शन



**पत्रकारों के हमलावरों की अविलंब गिरफ्तारी नहीं होने पर 26 अप्रैल को डीसी कार्यालय घेराव की चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के पत्रकारों पर विगत 16 अप्रैल को कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान हुए हमले के विरोध में गुरुवार को मीडियाकर्मियों ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकार पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और घेराव कर दिया। इसके बाद एसडीओ से मुलाकात कर उनके माध्यम से धनबाद डीसी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें चेताते हुए कहा कि शुक्रवार तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 26 अप्रैल को पत्रकार डीसी कार्यालय का घेराव करेंगें। सभी पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 26 को समाहरणालय का घेराव होगा। वहां भी इंसाफ नहीं मिला तो रांची जाकर मुख्यमंत्री को घटना से अवगत करायेंगें। दूसरी ओर, एसडीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह डीसी, एसएसपी और डीएसपी लॉ एंड आर्डर नौशाद आलम से बात कर आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करवाएंगे। इसके बाद डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी को फोन कर बुलाया। जिसके बाद धनबाद प्रेस क्लब का एक प्रतिदिनिधल डीएसपी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचा। डीएसपी ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए सोमवार तक का समय मांगा है। इस पर धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी ने उन्हें जवाब दिया कि इस मामले को लेकर धनबाद प्रेस क्लब कमेटी बैठक कर निर्णय लेगी। उसके बाद ही डीसी कार्यालय पर धरना देने के दिए गए समय में बदलाव को लेकर विचार हो सकेगा। बतातें चलें कि गत 16 अप्रैल को गांधी सेवा सदन के समक्ष कांग्रेस के दो गुटों में आपसी मारपीट की घटना के दौरान न्यूज संग्रह करने गये पत्रकारों पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी के भाइयों और बेटों ने लोहे के पाइप एवं रॉड से हमला कर दिया था। यही नहीं उनका मोबाइल पोन भी छीन लिया था। इस घटना के प्रतिवाद में पत्रकारों ने धनबाद थाने में उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवायी है, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। इसे लेकर गुरुवार को पुनः धनबाद प्रेस क्लब, कोयलांचल पत्रकार संघ, झरिया प्रेस क्लब, निरसा चिरकुंडा पत्रकार संघ, कतरास प्रेस क्लब, जेजेए धनबाद के सदस्य पत्रकारों सहित जिलेभर के पत्रकारों ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया और अविलंब कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार गणेश मिश्रा, कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, वरिष्ठ पत्रकार रामजी यादव, प्रियेश सिन्हा, अशोक शर्मा, मनीष कुमार झा, धर्मेंद्र शर्मा, मुख्तार अहमद आदि ने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में नारे गये लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गयी।


**कार्यालयः–वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा**
*E-mail – dfo-simdega@gov.in*
*Mobile No – 8987790117 Pin Code - 835235*

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि M/s ESL Steel Limited झारखंड द्वारा वनभूमि अपयोजन के बदले सिमडेगा जिला अन्तर्गत मौजा–परबा, थाना–जलडेगा, थाना सं0–12, अंचल–कोलेबिरा के खाता सं0–3, 103, 45, 46 एवं 69 के कुल रकबा 10.42 एकड़ भूमि में क्षतिपूरक वनरोपण योजना हेतु वन विभाग को उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से उपयुक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरांत रैयत से भूमि क्रय करने के उपरांत निबंधन डीड (Deed) सं0–2024/SIM/657/BK1/655, 2024/SIM/658/BKI/656, दिनांक–09.09.2024 नामांतरण केस सं0–16/R27 2024–25 एवं 17/R27 2024–25 द्वारा रैयती भूमि खाता सं0–3, 103, 45, 46 एवं 69 के कुल रकबा 10.42 एकड़ भूमि **(दस एकड़ बयालीस डिसमील)** को अपने पक्ष में करा लिया है।

तदोपरांत M/s Twenty First Century mining Private Limited, झारखंड द्वारा उपरोक्त भूमि की कुल रकबा–10.42 एकड़ को वन विभाग के पक्ष में निबंधन, नामांतरण एवं हस्तांतरण की कार्रवाई किये जाने हेतु अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन समर्पित किया गया है।

उपरोक्त भूमि के वन विभाग के पक्ष में निबंधन, नामांतरण एवं हस्तांतरण होने से खतियानी रैयत के संबंधी/रिश्तेदार को यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रादेशिक वन प्रमंडल, सिमडेगा के कार्यालय में कार्य दिवस की कार्यालय अवधि (10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 अपराह्न तक) में अपना आपत्ति/शिकायत संबंधी आवेदन आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर समर्पित करेंगे, अन्यथा यह माना जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है। 15 दिनों की अवधि समाप्ति के उपरांत आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 350941 (Simdega)25-26*D


# प्रेम प्रसंग में जहर खाकर नाबालिग ने की खुदकुशी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र में गुरुवार को प्रेम प्रसंग में एक नाबालिक लड़की ने जहर खा लिया। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर वे उसे आनन-फानन में इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर लिया। बताया जा रहा कि मृतका तोपचांची के डुमरी गांव निवासी नाबालिक का पड़ोस के एक युवक से प्रेम था। वह उसके साथ शादी करना चाहती थी। लेकिन उसके परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। इसी बात से नाराज होकर गुरुवार की उसने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और कीटनाशक दवा खा लिया। काफी प्रयास के बाद भी जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो परिजनों को अनहोनी की चिंता हुई। तब दरवाजा तोड़ा गया तो नाबालिक फर्स पर पड़ी थी। उसके पास कीटनाशक दवा की शीशी बरामद हुई। जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार**
**E-Mail ID-** rwdlatehar@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

Rewant Engineers Construction Company PVT Ltd. (Ambarish Kumar) S/o Sri Raghubansh Prasad Singh, At-M-31 S/s Near St. Francis School, Harmu Housing Colony, Harmu, Ranchi के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत (RCPLWE) पैकेज सं0 JH14LWEB1 सरयू से गारू भाया गणेशपुर पथ में उत्तर कोयल नदी पर पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका एकरारनामा संख्या–SBD-22/18-19 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि–19.11.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–18.11.2019 है, जो समयावधि पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 592 दिनांक 04.05.2019, पत्रांक 745 (अनु0) दिनांक 31.05.2019, पत्रांक 780 दिनांक 11.06.2019, पत्रांक 285 दिनांक 20.05.2020, पत्रांक 392 दिनांक 01.07.2020, पत्रांक 400 दिनांक 10.05.2021, पत्रांक 423 दिनांक 29.05.2021, पत्रांक 486 दिनांक 18.06.2021, पत्रांक 1085 दिनांक 02.12.2021, पत्रांक 96 दिनांक 03.02.2022, पत्रांक 878 दिनांक 24.09.2022, पत्रांक 1167 (अनु0) दिनांक 30.12.2022, पत्रांक 809 दिनांक 12.07.2023, पत्रांक 1307 दिनांक 21.12.2023, पत्रांक 783 दिनांक 20.08.2024, पत्रांक 795 दिनांक 22.08.2024 एवं पत्रांक 205 दिनांक 01.03.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि तीन दिनों के अंदर भापथ पत्र के साथ Revise Work Program इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए युद्ध स्तर से कार्य प्रारंभ करते हुए कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा एकरारनामा के शर्तों के अनुसार आपके द्वारा किए गये एकरारनामा को विखंडन कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.351001 REO(25-26):D


## मुकेश महतो की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** मैरा कुल्ही स्थित बिनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय में शोषण मुक्त अलग झारखंड के लिए आजसू के लड़ाकू दस्ते के सक्रिय सदस्य रहे लाठाटांड निवासी स्व मुकेश कुमार महतो की तीसरी पुण्यतिथि पर सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इसमें झारखंड आंदोलनकारी शंकर किशोर, इंद्रानारायण महतो, शिव शंकर शर्मा, प्रमोद चौरसिया, जितेंद्र नाथ महतो, महेंद्र प्रसाद महतो, रामेश्वर महतो, सुकदेव महतो, भुनेश्वर रवानी, सहदेव महतो, हुबलाल महतो और संदीप महतो आदि मौजूद थे।

## फुसरो में निकाला गया आक्रोश मार्च

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों द्वारा 27 निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में गुरुवार की शाम फुसरो में आक्रोश मार्च निकाला गया। जिसमें सैकडों लोग शामिल हुए और पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाया। इस दौरान पुराना बीडीओ ऑफिस से जुलूस निकली जो रहीमगंज, रानीबाग, मेंन रोड फुसरो, फुसरो बाजार होते हुए बेरमो प्रखंड स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान सभी ने आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग किया।

# मलेरिया नियंत्रण में जन जागरूकता सबसे बड़ा हथियारः डॉ चंद्रभानु प्रताप

## सदर सीएचसी से आज निकाली जायेगी जनजागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मलेरिया की रोकथाम जन जागरूकता और जन सहयोग से ही संभव है। लोग अपने आसपास पानी को एकत्र होने से रोकें और आवश्यक एहतियात बरतें, तो मलेरिया को जड़ से मिटाया जा सकता है। उक्त बातें सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रताप ने कही। वे गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस पर शुक्रवार को सुबह सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी। जिसके माध्यम से आम जनता को मलेरिया के प्रति सतर्क रहने एवं साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा हर स्वास्थ्य केंद्र, सहिया, एमपीडब्ल्यू और एएनएम के पास निःशुल्क उपलब्ध है। गंभीर मामलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सदर अस्पताल एवं एसएनएमएमसीएच में किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मलेरिया के लक्षणों की जानकारी देते हुए कहा कि बुखार के साथ ठंड लगना, उल्टी, सिर दर्द, चक्कर आना आदि लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना चाहिए। खासकर छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में रोग की गंभीरता अधिक होती है। इसलिए उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। मलेरिया की रोकथाम के लिए घरों में पानी एकत्र ना होने दें। कूलर, फ्रिज, फूलदानी आदि का पानी हफ्ते में एक बार जरूर सुखाएं। कीटनाशक का छिड़काव करें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। इस मौके पर डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, मलेरिया सलाहकार रमेश कुमार सिंह एवं मलेरिया इंस्पेक्टर उत्तम कुमार सिन्हा उपस्थित थे।



पत्रकारों से बातें करते धनबाद के सीएस डॉ चंद्रभानु प्रताप एवं अन्य।


**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, HAZARIBAGH**
email id:- dlsahazaribag@gmail.com Mobile No.:- 9939201624
**Notice inviting application for providing service of Sweepers/Safaikarmi from Reputed Outsourcing Empanelled Agency on Outsourcing Basis.**
**DATE: - 23.04.2025**

This is to inform that in pursuance to the directions contained in Letter No. 895 dated 18.03.2023 & Letter No. 913 dated 08.04.2025 of Hon'ble Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA), Ranchi, the District Legal Services Authority, Hazaribagh invites applications for providing "Service of **three (03) Sweepers/Safaikarmi** on outsourcing Basis" on the terms and conditions mentioned below from reputed Outsourcing Empanelled Agencies which provide similar services to other Government Department.

**Terms & Conditions.**

1. The application should be addressed to the **Principal District Judge cum Chairman, District Legal Services Authority, Hazaribagh** in a sealed envelope clearly mentioning therein **"Application for Outsourcing Service Of SWEEPERS/ SAFAIKARMI"** and the same shall be submitted to the office of DLSA, Hazaribagh, through speed post or personally in the office of Secretary, DLSA **on or before 09th of May, 2025 by 17:00 Hrs.**
2. The nature of services to be procured will purely on temporary basis. The human resource assigned to the above post will be the sole responsibility of the agency and in any condition or circumstances the human resources deployed for the services will not claim for their services to be permanent or demand directly to the department for extending facilities during their services.
3. The application should be accompanied by the following documents: -
a) Self attested copies of Registration of firm/company,
b) Experience certificate issued by the other Government department,
c) Self-Attested copy of PAN card of firm/company/individual,
d) Self-attested copy of the ITR,
e) An affidavit of non-Blacklisting on Non- Judicial Stamp Paper,
f) Self-attested copy of Goods and Service Tax (GST) registration and GST Return,
g) Self-attested copy of valid License order as per the contract Labour (R&A) Act 1970,
h) Mobile Number & e-mail address &
I) Self declaration & signature.
4. The shortlisted applicant/agencies shall be called for interview and information for the same shall be sent through e-mail/mobile number provided by them.
5. Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever and the undersigned reserves his right to accept or to reject any application.

For further details, please contact the office of the District Legal Services Authority, Civil Court, Hazaribagh. You may also contact the Secretary, District Legal Services Authority, Hazaribagh. (email id:- **dlsahazaribag@gmail.com,** Mobile No.:- **9939201624** & Telephone No.:- **06546-291953**).

Sd/-
Principal District Judge-cum-Chairman,
DLSA, Hazaribagh

**Note:- Previous Notification dated 03.04.2023 for engagement of Sweeper/Safaikarmi is hereby recalled.**

PR 350957 Law(25-26)D

### एसओए को कॉन्क्लेव में 'शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता' सम्मान

## नितिन गडकरी ने प्रदीप्त कुमार और सुभादर्शिनी मिश्रा को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) को हाल ही में नयी दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत-विजन ऑफ न्यू इंडिया' कॉन्क्लेव में 'शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता' सम्मान से सम्मानित किया गया। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक न्यूज चैनल द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में एसओए के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंदा और जनसंपर्क अधिकारी सुभादर्शिनी मिश्रा को यह पुरस्कार प्रदान किया। एक न्यूज के सीइओ और एडिटर-इन-चीफ जगदीश चंद्र और चैनल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मनोज जिग्नाशी भी इस अवसर पर उपस्थित थे, साथ ही एसओए के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ मनोजरंजन नायक के विशेष कर्तव्य अधिकारी प्रीतम नायक भी मौजूद थे। प्रोफेसर नंदा ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप एसओए द्वारा की गयी विभिन्न पहलों के बारे में बात की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा फडसे और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने भी भाग लिया।

## कोटिया विवाद की जटिलताओं पर हुई चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लोक सेवा भवन में कोटिया की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री सुरेश पुजारी, पृथ्वीराज हरिचंदन और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ओड़िशा सरकार ने कोरापुट जिले के सीमा विवाद को सुलझाने के प्रयासों को तेज करते हुए राजस्व विभाग के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय समिति के गठन का निर्णय लिया है। यह अहम फैसला मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हुई एक समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। इस बैठक में उच्च शिक्षा, विधि और राजस्व विभागों के मंत्रियों के साथ-साथ मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) भी मौजूद थे। बैठक में कोटिया विवाद की जटिलताओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। कोटिया गांवों के समूह को लेकर ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच 1920 से ही सीमा विवाद चला आ रहा है। समिति को स्थल निरीक्षण, आंकड़ा संग्रहण और स्थिति की निरंतर निगरानी का दायित्व सौंपा जायेगा। समिति के सदस्यों की अंतिम सूची 15 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री को सौंपी जायेगी। समिति गठन के बाद कोटिया क्षेत्र में स्थल निरीक्षण कर जमीनी हालात की गहरायी से समीक्षा की जायेगी। बताया गया है कि यह पहल ओड़िशा सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थायी समाधान और विकास को प्राथमिकता दे रही है।

### शोक संदेश



**स्व. नुसरत जहां सिद्दीकी**

31.12.1980 - 10.04.2025

सुश्री नुसरत जहां सिद्दीकी के दुःखद निधन पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं। वह एक नेकदिल, मृदुभाषी और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थीं। मेरे झारखंड से राज्यसभा सांसद के रूप में कार्यकाल के दौरान, उन्होंने मेरे कार्यालय में कार्य करते हुए जनजातीय और अल्पसंख्यक समुदायों की भलाई को सदैव प्राथमिकता दी। इस्लामनगर, बड़ाम-जराटोली इत्यादि क्षेत्रों में समाजसेवा के मेरे अनेक कार्यों में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी सेवा भावना, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता सदैव स्मरणीय रहेंगी। इस अपूरणीय क्षति पर हम शोकाकुल हैं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

**परिमल नथवाणी**
राज्यसभा सांसद, आन्ध्र प्रदेश


PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
- CAR WASH (FOAM WASH)
- INTERIOR CLEANING
- WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
- TEFLON COATING
- AC GAS REFILLING
- INSURANCE RENEWAL
- ENGINE WORK
- GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
On 1st Visit Labour 30% Discount | On 2nd Visit Labour 50% Discount
1st Visit Offer Valid Till 30th April, 2025 | 2nd Visit Offer Valid Till 30th June, 2025
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907 73013 75193

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों में मिलते हैं।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery | Nursery | KG - I | KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

HEALMAX HOSPITAL
Healing To The Maximum
Visit Now
3rd Floor, Chhat Talab Road, Govindpur, Dhanbad - 828109
(Opposite Police Station, National Highway 2)

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरुआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
Contact No. 7903079507, 8092334348

EXPERIENCE The Joy of Riding
28,000/- Only
Low Cost Maintenance
License Free
Battery Cost Extra
One year warranty
J.K. SALES (Furniture Solutions)
Pillar No.83, In between O.T.C. Ground & Piska More, Ratu Road, Beside M-Bazaar, Lakdi Tall, Ranchi.
M.-9386070011, 9386070051

ETERNAL CAREER CLASSES
Run By Doctors from Rims
Admission open for NEET (MEDICAL)
Free Classes for NEET Coaching XI XII & XII Pass out
Only One Batch FREE for Each Class Be A Doctor + By the Doctors
BOOK YOUR SEAT
Branch I - 5th Floor Le-Desire Complex Circular Road, Lalpur, Ranchi
Mob. 6200935394, 6200131542

HOTEL RAMA
AC & NON- AC ROOMS
BOOK NOW 7667855282 9693591164
Add.- H.B. Road, Dipatoli, Near Jharkhand Cancer Center, Kokar, Ranchi

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
CERTIFIED GEMS
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS
Our Branches : Panchwati Plaza, 9-A, Kutchery Road, Ranchi | Mohan Marketing Complex Under Mr. Sanjay Seth Office Ashok Nagar, Ranchi | Chanchal Complex, Beside Petrol Pump, Sadhu Maidan, Kokar, Ranchi

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

Now Showing SUJATA PICTURE PALACE
JAAT
ANDAZ apna apna
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 25th April, 2025 onwards!
Jaat : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
Andaz Apna Apna : 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Jaat : 12.15, 6.00
Sikandar : 3.15
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
80 से ज्यादा स्टॉल खाने और एवं खेलने का सारा प्रबंध
डिजनी लैण्ड मेला
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
04:00 PM To 10:00 PM
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :-
CRCA Products | MDF Products
Particle Board Products | Epoxy Coating Product
Bunawat Products / Swing | Stainless Steel Products
-: Contact Us :-
+91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk,



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**